उों संविच्छक्त्यै नमः ॥

श्री

पञ्चस्तवी

पदच्छेद–अन्वय

और

सरल भाषा टीका सहित

असंख्यैः प्राचीनैर्जननि जननैः कर्मविलया-
द्गते जन्मन्यन्तं गुरुवपुषमासाद्य गिरिशम् ।
अवाप्याज्ञां शैवीं क्रमतनुरपि त्वां विदितवान्
नयेयं त्वत्पूजास्तुतिविरचनेनैव दिवसान् ॥

संपादक तथा प्रकाशक

श्री राम शैव (त्रिक) आश्रम

फतेहकदल–श्रीनगर

सं० १९७४

द्वितीय संस्करण : २००० मूल्य : ३ रुपये

भूमिका

श्रीराम शैवाश्रम (फतेकदल श्रीनगर) जनता की आकांक्षाओं, भावनाओं एवं मांग को प्राथमिकता देकर पुनः पञ्चस्तवी का द्वितीय संस्करण प्रकाशित कर रहा है। निस्संदेह यह हर्ष का विषय है। वास्तव में पञ्चस्तवी का अस्तित्व कश्मीरी हिन्दू जनता के लिए धर्मप्राण प्रेरणा का अचल स्रोत है। अपनी गेयात्मकता के फलस्वरूप इसका स्थान समस्त कश्मीर में अद्वितीय है और इसकी आकर्षण शक्ति चुम्बक से भी अधिक महान है। इस ग्रन्थ के रचनाकार के विषय में विद्वानों के विभिन्न मत है।

श्री लक्ष्मीधर ने सौन्दर्यलहरी की टीका में पञ्चस्तवी का एक श्लोक उद्धृत करके उस श्लोक को कालिदास का माना है। अतः उनकी दृष्टि से इस ग्रन्थ के रचनाकार – कालिदास है। कइयों का मत है कि इसके रचयिता स्वयं अभिनवगुप्त हैं।

त्रिविड्म संस्कृत सिरीज में पञ्चस्तवी का प्रथम स्तव— लघुस्तव का प्रकाशन हुआ है और इसके ग्रन्थकार का नाम लघुभट्टाचार्य लिखा है तथा साक्ष्य के आधार पर पंचस्तवी के इकीसवें श्लोक के तीसरे चरण – "लघुत्वमात्मनि दृढ" को उद्धृत किया है। पर इस से लघुभट्टाचार्य द्वारा रचित होने का कोई सशक्त साक्ष्य नहीं मिलता है क्योंकि पद्यांश का अर्थ किसी भी रूप में व्यक्तिवाचक संज्ञा का बोध नहीं देता है।

स्पष्ट तथ्य तो यह है कि पञ्चस्तवी के पद्य एवं पद्यांशों का हवाला भोजराज ने अपने "सरस्वतीकण्ठाभरण" में, आचार्य

मम्मट ने "काव्य प्रकाश" में, श्री शिवानन्द ने अपने "मातृकाचक्रविवेकव्याख्या" में, माधवाचार्य ने अपने "सर्वदर्शन-संग्रह" में, श्री अप्पयदीक्षित ने "कुवलयानन्द" में, और विरूपाक्षनाथ ने "विरूपाक्षपंचाशिकाव्याख्या" में दिया है। परं सबों ने इसके लेखक का कहीं उल्लेख नहीं किया है। परन्तु श्रीविद्यारण्य ने "विद्यार्णव तन्त्र" में और श्री नित्यानन्द ने अपने "श्री सौभाग्य-रत्नाकर में पञ्चस्तवी के पद्यों को उद्धृत करके इसके लेखक का नाम धर्माचार्य प्रस्तुत किया है। श्री नित्यानन्द स्वामी ने लघुस्तव टीका में भी इसके रचनाकार का नाम धर्माचार्य ही लिखा है। श्री पूज्यपाद अमृतवाग्भवाचार्य ने विक्रमाब्दि १९९७ में पञ्चस्तवी का मूलमात्र छपाकर इसके लेखक का नाम धर्माचार्य ही लिखा है। श्री डॉ० शिवनाथ शास्त्री ने भी धर्माचार्य ही इसके रचनाकार अपने पञ्चस्तवी प्रकाशन में स्वीकार किया है। स्वनामधन्य श्री हरभट्ट शास्त्री ने अपने पञ्चस्तवी भाष्य में भी इसके लेखक का नाम धर्माचार्य ही स्वीकार किया है। "सरस्वती-कण्ठाभरण" के रचनाकार भोजराज का समय ईस्वी ९९३-९४ का समय ठहरता है। अतः पञ्चस्तवी का समय भोजराज से दो तीन शतक पूर्व ही होना निश्चित ठहरता है। इसके अतिरिक्त पंचस्तवी में दो राजाओं का उल्लेख भी प्राप्त होता है प्रथम स्तव में "वत्सराज" और द्वितीय स्तव में "उदयन" महाराज। इस्वा की प्रथम शती के संस्कृत—नाटककार महाकवि भास ने भी महाराजा—"वत्सराज और उदयण का उल्लेख क्रमश: यौगंधरायण, स्वप्नवासवत्ता नाटक में दिया है जो अनुमानत: ईस्वापूर्व अवन्ती और मगध के शासक रहे हैं। इस तथ्य के आधार पर पञ्चस्तवी का समय ईस्वा की तीसरी शती के आसपास ठहरता है। इतना तो निश्चित है कि इस ग्रन्थ का आकलन भगवान् महावीर जैन और भगवान बुद्धदेव के उपरान्त ही हुआ है क्योंकि पञ्चस्तवी के रचनाकार ने—

"स्वभावोजैनेन्द्रः सुगतमुनिराकाशमनिलः" महावीर जैन और

भगवान बुद्ध का उल्लेख "सकलजननीस्तव" के ३३वें श्लोक में किया है।

पञ्चस्तवी रचनाकार ने पांच स्तवों में ग्रन्थ का विभाजन किया है:— (क) लघुस्तव, (ख) चर्चस्तव, (ग) घटस्तव, (घ) अम्बस्तव, (ङ) सकलजननीस्तव, अतः पांच स्तवों में संकलित स्तुति को पञ्चस्तवी नामकरण हुआ है।

(क) लघुस्तव :— लघ का सामान्य अर्थ है—शीघ्र निःसार, मनोहर और व्याकरण में ह्रस्व अक्षर को लघु कहते हैं। परं पञ्चस्तवी में लघुस्तव प्रतीक के रूप में प्रयुक्त हुआ है अर्थात् मंत्रों के लघु-उपाय के द्वारा सक्रिय होकर क्रिया शक्ति का अनुसरण प्राप्त करना। इस स्तव में २१ श्लोक आते हैं। प्रथम श्लोक से लेकर २०वें श्लोक तक बीजाक्षर (क) सारस्वत, (ख) कामराज, (ग) वाडव आते हैं।

(ख) चर्चस्तवः – चर्च का सामान्य अर्थ है—पढना, कहना, ध्यानस्थ होकर पढना, अनुसरण करना, अन्वेषण करना। यहां चर्च से तात्पर्य है ध्यानस्थ होकर ज्ञान का संचय और संग्रह करना। इस तथ्य को रचनाकार ने विभिन्न कोटियों में प्रस्तुत कराने का सशक्त प्रयत्न किया है रचनाकार ने ज्ञान स्थिति का बोध बिम्बों के माध्यम से उभारने का सशक्त प्रयास किया है और यह विभिन्न बिम्ब निम्नांकित श्लोकों में अधिक व्यापक रूप में मिलते हैं। श्लोक १, २, ६, ८, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५, १६, १७, १८, १९, २०, २१, २३, २४, २५, २६, २९, ३१। इसके अतिरिक्त कुछ बिम्ब इस कोटि के भी हैं जिन्हें असीम अथवा आधुनिक शैली में ऍबेस्ट्रेक्ट कह सकते हैं। ज्ञान की इन विभिन्न मुद्राओं के माध्यम से रचनाकार ने शक्ति स्वरूप की व्यापकता एवं समग्रता का बोध प्रस्तुत किया है चर्चस्तव में श्लोक संख्या ३१ है।

(ग) घटस्तवः— घटस्तव का सामान्य अर्थ है—कलश, घडा, किसी के साथ व्यस्त रहना, शरीर आदि। यहां घटस्तव से तात्पर्य है ब्रह्माण्ड रूपी घडे से अव्यक्त इच्छा का उन्मेष होना अथवा उसके प्रवाह शील इच्छा के साथ व्यस्त होना। रचनाकार ने घटस्तव के प्रथम श्लोक में ही भगवती की अपार शक्ति के संबोधन-बोधक विशेषणों के माध्यम से समग्र ब्रह्माण्ड की इच्छा शक्ति का प्रवाह अभिव्यक्त किया है। इस स्तव में अनन्त इच्छा मुद्राओं का विवरण विभिन्न बिम्बों के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है। जब संकोचित जीव अपनी क्षणिक और नश्वर इच्छाओं से विमुक्त होकर अप्रतिहत शक्ति की इच्छा का अनुसरण करता है, उस स्थिति में (श्लोक १८) प्रफुल्लित कमल के समान सुशोभनीय लक्ष्मी भक्त के आगे आगे दौडती है। इस स्तव में श्लोकों की संख्या २४ है। इसके अतिरिक्त इस स्तव में श्लोक २ एवं ५ में असीम इच्छा की उन्मादपूर्ण अवस्था का सशक्त चित्रण किया गया है।

(घ) अम्बस्तवः—अम्ब का सामान्य अर्थ है—जाना, शब्द करना, प्रवाह अथवा प्रवाह शील, दुर्गाभगवती। अम्बति शीघ्रं नक्षत्र स्थानपर्यन्तं गच्छति=जो अगम्य स्थान तक जल्दी जा सकता है, अम्बते स्नेहेनोपगम्यते=स्नेह से जिसके पास जाया जा सके। यहां अम्बस्तव से तात्पर्य है—ब्रह्माण्ड की वह विलासमय सत्ता, जिसके फलस्वरूप समस्त चराचर एक अलौकिक, प्रवाहशील आनन्द में विचरण कर रहा है अथवा महामाया-भगवती जिस आनन्द शक्ति के फलस्वरूप—जड-चैतन्य में सत्ताशील बनकर उनके अस्तित्व को स्थापित करती है। ग्रन्थकार ने अवश्य ही शक्ति (ऍनर्जी) के बहुस्वरूपी बिम्ब विविध माध्यमों के द्वारा अभिव्यक्त किए हैं।

आधुनिक विज्ञान में अलबर्ट ऐनॅस्टीन के पूर्व वैज्ञानिक जगत में प्रत्येक पदार्थ की ऍनर्जी अलग अलग गिनी जाती थी पर ऐनॅस्टीन प्रथम वैज्ञानिक है जिन्होंने शक्ति (ऍनर्जी) को मात्र

इकाई के रूप में स्वीकार करके वैज्ञानिक जगत में एक नवीन सिद्धान्त स्थापित किया। परं पञ्चस्तवीकार ने इसका चिन्तन ऐनॅस्टीन से १७ सौ वर्ष पूर्व ही किया है—"हे शक्ति स्वरूपा देवी! तुम चन्द्रमा में चान्दनी, सूर्य में प्रकाश और दीप्ति, पुरुष में बुद्धि, वायु में गति, जल में रस-रूप प्रवाह और आग में गर्मी हो, निस्संदेह तुम्हारे बिना इस जगत की सत्ता एकदम निःसार होती। हे देवी! यह जो सौर मण्डल एवं अनन्त नक्षत्र (स्टारस्) शून्य ब्रह्माण्ड में विचरण करते हैं, यह वास्तव में आपकी असीम शक्ति का ही गुरुत्वाकर्षण (ग्रेविटेशन) है जिसके फलस्वरूप यह घूमते दिखाई देते हैं (प० ४, श्लो० २०,२१)

इस स्तव में श्लोक संख्या ३२ है। सामान्यतया प्रत्येक श्लोक में व्यक्तरूप से आनन्द-मुद्रा का उल्लेख है। इसके अतिरिक्त इस स्तव में देवी के प्रति "अम्ब" शब्द का संबोधन आठ बार आया है।

(ङ) सकलजननीस्तवः— सकलजननी का सामान्य अर्थ है चराचर विश्वमाता, समस्त जगत माता अथवा कास्मिक ब्रह्माण्ड को सृजन करने वाली मां। परं यहां सकलजननीस्तव से तात्पर्य है—स+कल=समस्त कलाओं अर्थात् शक्ति तत्त्व से लेकर पृथ्वी तत्त्व तक समस्त पदार्थ राशि का सृजन करने वाली महामाया भगवती का स्वातंत्र्य-विस्फार। सकलजननी का अन्य एक आशय यह भी है जो भगवती स+कल—अर्थात् अमा-(अमावसी) रूप में पूर्ण अमृत कलश से युक्त है और पूर्णिमा कला में अमृत का आस्वादन करने वाली है। शाक्तमत के अनुसार अमा-कला पंचदशी है और पूर्णिमा कला के संयोग, से शोडषी-कला बनती है। तंत्रों में शोडषी-कला को चित्, संवित् और विश्वजननी नामों से अभिहित किया गया है। इस स्तव में श्लोक संख्या ३८ है इस स्तव में चित्-स्वरूपिणी भगवती को समग्र ब्रह्माण्ड निर्माण करने वाली के रूप में प्रस्तुत

किया है :—"कणास्त्वद्दीप्तीनां रविशशिकृशानुप्रभृतयः परंब्रह्मक्षुद्रं तवनियतमानन्दकणिका" (सूर्य-चन्द्रमा, अग्नि आदि आपके अपार तेज से छूटे हुए कण (पार्टिकलज्) हैं ग्रन्थकार ने जिस ब्रह्माण्ड व्यापी शक्ति का बिम्ब प्रस्तुत किया है निस्संदेह उसकी कल्पना अपार एवं महान उदात्त है।

पञ्चस्तवीकार ने चित्, आनन्द, इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्तियों का प्रवाह (क) क्रिया शक्ति (लघुस्तव) से आरम्भ करके (ख) ज्ञान (चर्चस्तव) (ग) इच्छा, (घटस्तव), (घ) आनन्द (अम्बस्तव) और (ङ) चित् (सकलजननीस्तव) पर विश्राम किया है। यह शाक्तों की अक्षुण्ण परंपरा है। इस प्रकार का क्रम अन्याम्य तन्त्रों में भी उपलब्ध होता है। शाक्त मत के अनुसार चित् शक्ति सर्वसुलभ होने पर भी स्वात्म स्वरूप में गोपित है पर क्रिया-शक्ति प्रत्यक्ष रूप में सर्वगोचर है।

श्रीराम शैवाश्रम में पञ्चस्तवी एवं समस्त शैव-ग्रन्थों का अध्ययन और अध्यापन महामाहेश्वराचार्य परमगुरु स्वामी श्रीराम के आविर्भाव से लेकर आजतक ठेठ परंपरा में चला रहा है। परमगुरु स्वामी श्री राम सशरीरधारी स्वयं शिव के अवतार रूप में, विलुप्त शैव-दर्शन को पुनः उभारने एवं प्रतिष्ठा स्थापित करने के निमित्त ही इस जगत में अवत्तीर्ण हुए थे। उनका दिव्य एव भव्य जीवन स्वयं में इतना उज्ज्वल एवं आकर्षण पूर्ण रहा है कि तत्कालीन अपार जन समूह श्रद्धेय के द्वार पर से हटने का नाम ही नहीं लेते थे। उनकी बाणी अप्रतिहत थी, उनका चाक्षुष-प्रवाह स्वयं में मूर्च्छता थी और उनका अलौकिक प्रवचन सामूहिक समाधि का अजस्र प्रवाह था जिसमें डूबकर अकृत्रिम "अहं" का वास्तविक बोध सहज रूप में होता था। यद्यपि उनकी छत्र-छाया में बहुत से प्रवीण शिष्यों का निर्माण हुआ परं गुरुदेव स्वामी श्री गोविन्द कौल ने ही महामाहेश्वराचार्य परम-गुरु श्री राम के पथ का अनुसरण करके अपने निर्वाण पर्यन्त

शैव-दर्शन के पठन-पाठन का अनुष्ठान पूर्ण किया। गुरुदेव स्वामी गोविन्द कौल के निर्वाण के उपरान्त महात्मा ताराचन्द्र ने इस पठन-पाठन का क्रम सुचारु रूप अपने निर्वाण पर्यन्त चलाया और इस समय श्री प्रेमनाथ जी नहरू, महात्मा काशीनाथ एवं अन्यान्य शिष्य एवं प्रशिष्य वर्ग श्री राम शैव कुटीर (फतेकदल) में शैवदर्शन की शिवध्वनि का अनुगुञ्जार नैमित्तिक रूप से सायं-प्रातः यथाशक्य रूप में देते हैं। आशा है भविष्य में भी नई पीढी के नवयुवक उत्साहित होकर इस अक्षुण्ण संस्कृति की थाती को चिरस्थायी बनाएगें।

इस ग्रन्थ के अनुवाद कार्य में प्रायः प्रातः स्मरणीय गुरुजनों के अनुग्रह का ही संकलन संग्रहीत है और बहुजनहिताय इसे पुनः प्रकाशित कर रहे हैं। हम आशा करते हैं पञ्चस्तवीकार श्री धर्माचार्य के शब्दों में—"भक्तिग्रहः किमपि मां मुखरी करोति" संभवतः श्रद्धालु जनता इसी के अनुरूप हमारी इस भेंट को सहर्ष स्वीकार करेंगे।


यः सर्वात्माखिलजनविभुर्देवदेवो महेशः
स्वातन्त्र्यस्थो ध्रुवपदगतोनिश्चलात्मावरेण्यः।
विश्वोत्तीर्णो भवभयहरः स्वेच्छया विश्वपूर्णः
तं श्रीरामं त्रिभुवनगुरुं स्वात्मरूपं नमामि ॥

संपादक मण्डल
श्रीराम शैवाश्रम फतेकदल
श्रीनगर कश्मीर (भारत)

श्रावण-अमरेश्वर पूर्णिमा
विक्रमाब्दि २०३१

प्रसन्नैकचित्त दयासान्द्रमन्तः, प्रकामं हितं श्रीशिवप्रेष्ठगोत्रम् ।
शिवाद्वैत सिद्धान्तविश्रान्तिक्षेत्रं स्वतन्त्रं भजेसदगुरुं रामचन्द्रम् ॥
मृदुस्पर्शगात्रं विधुस्मेरवक्त्रं, त्रिकाम्नायनेत्रं शुकाब्धीन्दुरत्नम् ।
अमर्यादकारुण्य पात्रं पवित्रं, स्वतन्त्रं भजेसद्गुरुं रामरत्नम् ॥
सदास्वात्मनिष्ठ स्वनिष्ठापराणां, अनेकार्तिकष्ठापहं दृष्ठतत्त्वम् ।
निजाभीष्टदानप्रवीणं धुरीणं, स्वतन्त्रं भजे सद्गुरुं रामभद्रम् ॥
भवव्यालभीतान् मिताहं निगीर्णान्, निरस्तोदयास्तान् समस्ताननीशान्
जनानीद्दृशांस्त्रातुमाविर्भवन्तम्, स्वतन्त्र भजे सद्गुरुं राममित्रम् ॥
दधानं मनोहारि सौन्दर्यमूर्ति, प्रधानं महद्भाग्यवत्सन्निधानम् ।
समाधानमन्तः सुखालम्बबुद्धेः, स्वतन्त्रं भजे सद्गुरुं राममीशम् ॥
सुशैवागम श्रौतसिद्धान्ततत्त्वं, सुनिष्कृष्य कारुण्य सारभूतम् ।
जनेभ्यः स्वतः प्रेष्ठनैजप्रदानं, स्वतन्त्र भजेसद्गुरुं रामकोषम् ।
यदीय प्रबोधात्परं तत्त्वमाद्यं, स्वयं नित्यमाभाति क्षित्यन्तवासम् ।
विनिर्धूतभेदाः पदद्वन्द्वनुत्या, स्वतन्त्रं भजेसद्गुरं राममीढ्यम् ॥
यदालोकनान्नान्यदालोकनीयं, समालोक्यते लोकबाह्यावलोकैः ।
अलोकं हि लोकस्वभावानुकूलं, स्वतन्त्रं भजे सद्गुरुं रुद्रमूर्तिम् ॥
पठेदष्टकं सद्गुरोस्त्र्यक्षमूर्तेः, तथायः पुमान् श्रद्धयासंशृणोति
त्वदीयानुकम्पावशाच्छीघ्रमेवं, अजस्रं स्वसाम्राज्यतामाप्नुयात्सः ॥
महामाहेश्वराचार्याभिनवगुप्तसन्ततेः, परम्परागतंवन्देत्रिकदर्शनभास्करम्।
श्रीरामादीक्षितंसम्यक्परतत्त्वविदर्शकम्पंचकृत्यस्वभावस्थंगुरुंवन्देमहेश्वर
श्रीमन्तंस्वात्मगोविन्दंजीवन्मुक्तंचचिन्मयं, परास्वातन्त्र्यभावस्थं गुरुं वन्दे
आजानुबाहुंतंवन्देशंखग्रीवासुनासिकम्, दीर्घमुखंतडिन्नेत्रंशैवशास्त्रविशारद
स्वप्रकाशविमर्शेनसर्वान्सर्वज्ञकारिणम्,त्रिकदर्शनतत्त्वज्ञंगुरुंवन्देसदाशिवम्।
शिवागमशक्तिसंपन्नषट्त्रिंशत्तत्त्ववेदकम्, शिवरूपसमापन्नं गुरुं वन्दे शिव
परांचपूर्णवत्पश्यन्मध्यमांवैखरींसरन्, परप्रकाशवपुषंवन्देभट्टारकं गुरुम् ।
लोकवद्व्यवहारेऽपित्रिपदाव्यभिचारिणम्, वैतर्क्यात्मससंपन्नवन्देचिद्भैरव
त्रितयभोगिनंवन्देत्रीरेशंनौमिसर्वगम्,चक्रेश्वरसमाधिस्थंगुरुंवन्देमहाह्रदम्
कृतासंवित्स्वरूपेणस्तुतिःगुरुप्रसादतः, यस्यापठनमात्रेणशिवतुल्यो भवेन्नरः

महामाहेश्वराचार्य स्वामी श्री राम



य: सर्वात्माखिलजनविभुर्देवदेवोमहेश:
स्वातन्त्र्यस्थो ध्रुवपदगतो निश्चलात्मा वरेण्य: ।
विश्वोत्तीर्णो भवभयहर: स्वेच्छया विश्वपूर्ण-
स्तं श्रीरामं त्रिभुवनगुरुं स्वात्मरूपं नमामि ॥

श्री राम शैवाश्रम, फतेहकदल, श्रीनगर, कश्मीर

स्थापित: — १८९४ ई०

श्री स्वामी गोविन्द कौल

अन्तेवासी-गुरुदेव स्वामी श्री राम



लोकवद्व्यवहारेऽपि
त्रिपदाव्यभिचारिणम् ।
वैतर्क्यात्मसुसंपन्नं
वन्दे चिद्भैरवं गुरुम् ॥

ॐ

अथ लघुस्तवः प्रथमः ॥

नमस्त्रिपुरसुन्दर्यै ॥

लघुस्तवः प्रथमोऽयमारभ्यते ॥

ऐन्द्रस्येव शरासनस्य दधती मध्ये ललाटं प्रभां
शौक्लीं कान्तिमनुष्णगोरिव शिरस्यातन्वती सर्वतः।
एषाऽसौ त्रिपुरा हृदि द्युतिरिवोष्णांशोः सदाहः स्थिता
छिन्द्यान्नः सहसा पदैस्त्रिभिरघं ज्योतिर्मयी वाङ्मयी।१।

पदच्छेदः

ऐंद्रस्य इव शरआसनस्य दधती मध्ये ललाटं प्रभां
शौक्लीं कान्तिम् अनुष्णगोः इव शिरसि आतन्वती सर्वतः।
एषा असौ त्रिपुरा हृदि द्युतिः इव उष्णांशोः सदा अहः (हः) स्थिता
छिन्द्यात् नः सहसा पदैः त्रिभिः अघं ज्योतिः मयीवाक्मयी ॥१॥

ललाटं	— ललाट के	इव	— समान
मध्ये	— मध्य में	प्रभां	— शोभा को
{ ऐन्द्रस्य-	— इन्द्र	दधती,	— धारण करती हुई,
{ शरासनस्य	— धनुष के	शिरसि	— सिर में (द्वादशान्त में)

अनुष्णगोः — चन्द्रमा के
इव — समान
शौक्लीं — निर्मल (श्वेत)
कांति — दीप्ति को
सर्वतः सब ओर से [स, रु, अतः]
आतन्वती — विस्तारती हुई,
हृदि — हृदय में
उष्णांशो — } सूर्य की
द्युतिरिव — } दीप्ति जैसी
सदा — नित्य
अहःस्थिता — दिन की अवस्था में
(अथवा) — ठहरी हुई
(नित्योदित)
अथवा
हः स्थिता — ह कार में स्थित
एषाऽसौ — यही वह (जो
प्रत्यक्ष है और

जिसका वर्णन
आरम्भ किया
जाता है)
ज्योतिर्मयी[1] — प्रकाशमयी (तथा)
वाङमयी — वाणीमयी (विमर्श-
मयी)
त्रिपुरा — त्रिपुरा भगवती*
नः- — हमारे
अघं[2] — पापों को (मलों को)
त्रिभिः- — तीन
पदैः — (स्थानों) पदों से
{ १ ललाट २ सिर ३ हृदय
१ ऐं २ क्लीं ३ सौः } से
सहसा — शीघ्र ही† ध्यान
करते ही
छिन्द्यात् — नष्ट करे ॥

जो यह प्रत्यक्ष त्रिपुरा भगवती इन्द्र के धनुष के समान अपनी दीप्ति को ललाट (माथे) में धारण करती है, और सिर में चन्द्रमा जैसी निर्मल दीप्ति को सब ओर से विस्तारती है तथा हृदय में जो प्रतिदिन नित्य सूर्य की दीप्ति जसी शोभित है अर्थात् जिसको रात्रि का कभी भी प्रवेश नहीं है, यही वह त्रिपुरा (जो सब को प्रति समय प्रत्यक्ष स्वानुभव सिद्ध है अथवा जो सबके शरीरों में नित्य इन तीन स्थानों पर तीन प्रकार के स्वरूपों को धारण करती है) हमको शीघ्र, ध्यान करते हुए ही (ऊपर

*तीनों में व्यापक १ श्लोक १६ प्रथमस्तव देखिए। †[स, ह, सा बीजाक्षर]

१. अर्थात् प्रकाश विमर्श रूपिणी

२. आणवमल, मायीयमल, कार्ममल
देहाभिमान, भेदप्रथा, पुण्य पाप की वासना।

कहे हुए तीन स्थानों) पदों से अथवा मन्त्र विधि के अनुसार मन्त्र बीजों से हमारे पापों (अज्ञान रूप मल) को नष्ट करे।

जैसा कि इसी स्तव के १६वें श्लोक में कहा है—कि त्रिपुरा का अर्थ सृष्टि, स्थिति और संहार करने वाली, रजोगुण, सतोगुण और तमोगुण में ठहरे हुए, ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र नाम वाले, अकार, उकार और मकार नाम वाले, ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत रूप तीन वर्णों को पूर्ण करने वाली त्रिपुरा कहलाती है, अर्थात् सारे त्रिपुटी रूप जगत को विशेष से ललाट, सिर और हृदय में जो बीज अक्षरों (ऐं-क्लीं-सौः) के उच्चारण स्थान है, स्फार देती है।

मंत्रोद्धार विधि पूर्वक :—इस स्तव के २०वें श्लोक में "बोद्धव्या निपुणं बुधैः स्तुतिरियं" में सूचना है कि पहिले श्लोक के तीन पादों में से एक एक पाद का क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा मन्त्र (पद) अर्थात् पहिले पाद में पहला मन्त्र वर्ण, दूसरे में दूसरा और तीसरे में तीसरा मन्त्र वर्ण स्पष्ट है। इस कारण ऐं-क्लीं-सौः एक संपूर्ण मन्त्र बन जाता है। जिसका उच्चारण क्रम से तीन स्थानों पर हो सकता है और "विशेषसहितं" का तात्पर्य यही है। "सर्वतः" अर्थात् "र" को भी बीजाक्षर के साथ मिला कर दूसरा बीज बनता है। जैसे :—क्ल्रीं, इसी प्रकार "सदा हः स्थिता" अर्थात् "ह" भी मंत्रों के साथ मिलाया जाए, जैसे :– "-हस्क्लीं-हसौः"। "सहसा पदैस्त्रिभिः" अर्थात् "हस" भी मन्त्रों के साथ मिलावे जैसे :– हसैं, ह् स्क्लीं, ह् सौः, हसैं, ह् स्क्लरी। इन तीन बीजों के नाम "सारस्वत" "कामराज" और "वाड़व" बीज है।

शरीर में, सिर और हृदय के मध्य में ललाट है। जिस में सब नाडियां मिल जाती हैं तथा इच्छा, ज्ञान, क्रिया शक्ति के संघट्ट का मध्य ज्ञान शक्ति है, जिसमें इच्छा और क्रिया शक्तियां सब मिल जाती हैं और विश्व रूप को निर्विकल्पभाव से सारे वर्णों (रंगों) से संयुक्त स्थिति रूप में (अवतार) धारण करती है, जैसे इन्द्र धनुष यद्यपि एक ही वस्तु प्रतीत होता है फिर भी सारे वर्ण इस में स्पष्ट हैं।

ज्ञान शक्ति में एक ऐसा पद है जिस से शिव में भी प्रवेश होता है और भेदमय जगत् में भी क्रिया शक्ति की प्रधानता से प्रवेश होता है। सिर में तो क्रिया शक्ति प्रधान चन्द्रमा की दीप्ति जैसी सब ओर से अपने स्वरूप को सृष्टि स्वरूप में विस्तारती है और हृदय में उष्ण किरणों से भेदमय जगत को जला देती है अर्थात् संहार करती है। जैसा कि तन्त्रालोक के आह्निक ३ श्लोक ६ की टीका में कहा है :–

"ऊर्ध्वे स्थिता चन्द्रकला च शान्ता
पूर्णामृतानन्दरसेन देवि !"
"अधः संहार कृज्ज्ञेयो महानग्निः कृतान्तकः"।

इसी प्रकार हृदय अर्थात् इच्छा शक्ति प्रधान अवस्था में सूर्य की दीप्ति के समान अर्थात् संहार कारक नित्य उदय में आए हुए किरणों से स्थित है। इस लिए श्लोक के क्रम पूर्वक तीन शक्तियों ज्ञान क्रिया और इच्छा शक्ति में त्रिपुरा का जो स्वरूप है उसका अभ्यास करना उपदेश दिया है, इस प्रयोजन की दृष्टि से श्लोक में प्रकाशमय और वाणीमय के विशेषणों से स्पष्ट किया है। इसका अर्थ यह है :– इच्छा आदि तीन शक्तियों (त्रिपुरा) का स्वरूप विमर्शमय दिखाया है और मन्त्र रूप बीजाक्षरों के अर्थ में वाणीमय कहा हुआ है अर्थात् परारूप हृदय से ही पश्यन्ती मध्यमा और वैखरी वाणी द्वारा आदिक्षान्त ('अ' से 'क्ष' तक) सब वर्णों को प्रसर करती है जैसा साम्ब पंचाशिका के श्लोक ४ में स्पष्ट है ॥१॥ "या सा मित्रावरुणसदनात्"।

या मात्रा त्रपुसीलतातनुलसत्तन्तूत्थिति स्पर्धिनी
वाग्बीजे प्रथमे स्थिता तव सदा तां मन्महे ते वयम्।
शक्तिः कुण्डलिनीति विश्वजनन व्यापार बद्धोद्यमा
ज्ञात्वेत्थं न पुनः स्पृशन्ति जननी गर्भेऽर्भकत्वं नराः ॥२॥

पदच्छेदः

या मात्रा त्रपुसीलतातनुलसत् तन्तु उत्थिति स्पर्धिनी
वाक् बीजे प्रथमे स्थिता तव सदा तां मन्महे ते वयम् ।
शक्तिः कुण्डलिनी इति विश्वजनन व्यापार बद्ध उद्यमा
ज्ञात्वा इत्थं न पुनः स्पृशन्ति जननी गर्भे अर्भकत्वं नराः ॥२॥

या — जो
मात्रा[1] — शक्ति (जीव शक्ति रूप)
त्रपुसीलता[2] — राँगा बेल के
तनु — अति सूक्ष्म
लसत् — चमकती हुई
तंतु — तार के
उन्थिति — उदय के साथ
स्पर्धिनी — समानता रखती हुई (अति सूक्ष्म और चमकीली)
तव — तुम्हारे
प्रथमे — पहिले
वाग्बीजे — वाणी के बीज में (पश्यन्ती) (ऐं बीज में)
सदा — निरन्तर
स्थिता — स्थित है
तां — उसी वाणी का
ते वयम् — वही हम उत्कृष्ट भक्त
(सदा) — नित्य

मन्महे — विमर्श करते हैं ।
{कुण्डलिनी — कुण्डलिनी-
शक्तिः — शक्ति (शिवस्वरूप में लीन)
{विश्वजनन- — जगतों के उत्पन्न करने के
व्यापार- — काम में
बद्धोद्यमा इति — निरन्तर उद्योग शील है
इत्थं — इस प्रकार के स्वरूप को
ज्ञात्वा — जानकर
नराः — मनुष्य
{जननी — माता के
गर्भे — गर्भ में
पुनः — फिर से
अर्भकत्वं — बालक भाव को
न स्पृशन्ति — नहीं छूते हैं (अर्थात् मुक्त होते हैं)

---

१. ऐं, यही मात्रा, बाहर निकलने को तैयार, सृष्टि रूप ।

२. कश्मीरी ग्यवथीर को हिन्दी में राँगा बेल कहते हैं ।

जो मात्रा, अर्थात् ज्ञान द्वारा संसार भय से बचाने वाली तुम्हारे प्रथम वाग्बीज [ऐं] में ठहरी हुई—त्रपुसीलता [ग्यवथीर] की सूक्ष्मता से निकली हुई आरम्भ तार के समान है अर्थात् अतिसूक्ष्म प्रसर स्वरूप को धारण करती है। हम उस तुम्हारी मात्रा का निरन्तर विमर्श करते हैं, वही यह कुण्डलिनी शक्ति सदाशिव से पृथ्वी तक जगत् की उत्पत्ति करने की क्रिया के लिए बान्धे हुए उद्योग वाली है। इस प्रकार इसका ज्ञान पाकर मनुष्य दुबारा मां के गर्भ में बालक भाव का स्पर्श नहीं करते हैं। अर्थात् इसी जन्म में मुक्त होते हैं।

रहस्य अर्थ में परा भगवती का प्रथम वाग्बीज पश्यन्ती वाक् है, जो ज्ञानशक्ति रूप अपने स्वरूप सदाशिव तत्त्व में स्थित रह कर ही जगत् को अंकुरायमान अवस्था में प्रकाशित करती है।

संवित् अर्थ में, कुण्डलिनी शक्ति अर्थात् 'कुण्ड' शिव स्वरूप में जो लीन शक्ति है, वही मात्रा स्वरूप के ज्ञान से [सारे जगत को रक्षा करने वाली] एक प्रकार की लता अथवा राँगाबेल की तरह निकली हुई तार के आरम्भ के साथ समानता रखती है, [यह ग्यवथीर की उपमा क्यों ?] [यह लता चमकीलो और इसका फूटता हुआ सिरा बहुत सूक्ष्म होता है] वह आपके वाग्बीज अर्थात् 'परा' में ठहरती है। [क्योंकि पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी रूप से वही सूक्ष्म तार का रूप धारण करके निकलती है। हम उसी तुम्हारे वाग्बीज का विमर्शन करते हैं।

कुण्डलिनी शक्ति जगत् की उत्पति की क्रिया में बांधे हुए उद्योग वाली है, ऐसे ज्ञान की प्राप्ति पर पशु प्रमाता फिर मां के गर्भ में जन्म नहीं लेते हैं अर्थात् मुक्त होते हैं ॥२॥

दृष्ट्वा संभ्रमकारि वस्तुसहसा ऐऐ इति व्याहृतम्
येनाऽकूतवशादऽपीह वरदे ! बिन्दुं विनाप्यक्षरम् ।

तस्यापि ध्रुवमेव देवि तरसा जाते तवानुग्रहे
वाचःसूक्तिसुधारसद्रवमुचो निर्यान्ति वक्त्राम्बुजात् ॥३॥

पदच्छेदः

दृष्ट्वा संभ्रमकारि वस्तु सहसा ऐऐ इति व्याहृतम्
येन आकूतवशात् अपि इह वरदे ! बिन्दुं विना अपि अक्षरम् ।
तस्य अपि ध्रुवम् एव देवि ! तरसा जाते तव अनुग्रहे
वाचः सूक्तिसुधारसद्रवमुचः निर्यान्ति वक्त्रअम्बुजात् ॥३॥

वरदे !	— हे (भोग तथा मोक्ष का) वर देने वाली	अपि	— भी
		अक्षरम्	— अक्षर का
देवि !	— हे क्रीडन शीले !	व्याहृतं	— उच्चारण किया हो
येन	— जिस पुरुष ने	तस्य अपि	— उस पुरुष के भी
इह	— इस संसार में	{ वक्त्र	— मुख
संभ्रमकारि	— कोई आश्चर्य जनक या भयदायक	{ अम्बुजात्	— कमल से
		तव	— तुम्हारा
वस्तु	— पदार्थ	अनुग्रहे	— अनुग्रह
दृष्ट्वा	— देखकर	जाते	— उत्पन्न होकर
{ आकूत-	— भय या हर्ष के	तरसा	— बिना यत्न के
{ वशात्	— अभिप्राय से	सूक्ति	— उत्तम वाणी रूपी
अपि	— भी	सुधारस	— अमृत रस की
सहसा	— शीघ्रता से	द्रवमुचो	— प्रवाह शील
ऐ ऐ इति	— ऐ ऐ इस प्रकार*	वाचः	— वाणियां
बिन्दुं विना	— बिन्दु के विना	ध्रुवं एव	— निश्चय ही
		निर्यान्ति	— निकलती हैं ।

---

*जब कोई मनुष्य किसी आश्चर्य जनक या भयदायक वस्तु को देखता है तो उसके मुख से अकस्मात् ही ऐ ऐ पद निकलते हैं यही बिन्दु के बिना ऐं बीजाक्षर है । (टिपनी पृष्ट ८ पर देखिए)

हे वरदे! किसी आश्चर्यजनक वस्तु को देखकर शीघ्र ही "ऐं" के स्थान पर जिसने बिना बिन्दु के ही "ऐ ऐ" किसी हर्ष या भय के अभिप्राय से भी अज्ञान में भी उच्चार किया हो अथवा ज्ञान की उत्पत्ति के बिना हो 'ऐ ऐ' का विमर्श किया हो उसको भी हे देवी! अवश्य ही तुम्हारा अनुग्रह उदय में आता है और उसके मुखकमल से पश्यन्ती आदि वाणियां ज्ञानमय अमृतरस [चित्रस] से भरी प्रसर करती है ॥३॥

यन्नित्ये! तव कामराजमपरं मन्त्राक्षरं निष्कलम्
तत्सारस्वतमित्यवैति विरलः कश्चिद्बुधश्चेद्भुवि।
आख्यानं प्रतिपर्व सत्यतपसो यत्कीर्तयन्तो द्विजाः
प्रारम्भे प्रणवास्पदप्रणयितां नीत्वोच्चरन्ति स्फुटम्॥४॥

पदच्छेदः

यत् नित्ये! तव कामराजम् अपरं मन्त्र अक्षरं निष्कलम्
तत् सारस्वतम् इति अवैति विरलः कश्चिद् बुधः चेत् भुवि।
आख्यानं प्रतिपर्व सत्य तपसः यत् कीर्तयन्तः द्विजाः
प्रारम्भे प्रणव आस्पद प्रणयितां नीत्वा उच्चरन्ति स्फुटम् ॥४॥

(हे) नित्यै	— हे शंकर की अविनाशिनी विच्छक्ति	निष्कलं	— कलना रहित या (क् ल् रहित अर्थात् ईं)
यत् तव	— जो तुम्हारा		
अपरं	— दूसरा (क्लीं) (लक्ष्मी बीज)	कामराज	— अभिलाषाओं को पूरण करने वाला (कामराज नामक)

इस श्लोक में पहले श्लोक के पहले पाद के पहले वर्ण अर्थात् ऐं बीजाक्षर की महिमा बताई गई है। अज्ञान से भी ऐं की जगह ऐ का उच्चार करने से उस पुरुष पर अनुग्रह हो जाता है।

मंत्राक्षरम्	— मंत्र अक्षर		का
(अस्ति)	(ई) है	द्विजा:	— ब्राह्मण
तत्	— वह	प्रतिपर्वं	— हर एक पर्व पर
सारस्वतम्	— सरस्वती का (मंत्र अक्षर है)	सत्यतपसो	— सत्यतपस नामी ऋषि का
इति	— इस प्रकार	आख्यानं	— नाम
चेत्	— अगर	कीर्तयन्त:	— बताकर
कश्चित	— कोई	प्रारम्भे	—हर काम के आरम्भ में
भुवि	— संसार में	प्रणवास्पद	— प्रणव (ओं) के समान
अवैति	— जाने,		
विरल:(स:)	— (वह) विरला ही[1]	प्रणयितां	— सस्नेह मानकर
बुध:	— कोई ज्ञानवान होता है	नीत्वा	(इस बीज अक्षर का)
		स्फुटम्	— स्फुट प्रकार से
यत्	— जिस (बीज अक्षर)	उच्चरन्ति	— उच्चारण करते हैं।

यत्सद्यो वचसां प्रवृत्तिकरणे दृष्टप्रभावं बुधैः
तार्तीयीकमहं नमामि मनसा त्वद्बीजमिन्दु प्रभम्।
अस्त्वौर्वोऽपि सरस्वतीमनुगतो जाड्याम्बुविच्छित्तये
गो शब्दो गिरि वर्तते सनियतं योगं विना सिद्धिदः ॥५॥

पदच्छेद:

यत् सद्य: वचसां प्रवृत्तिकरणे दृष्टप्रभावं बुधै:
तार्तीयीकम् अहं नमामि मनसा त्वत् बीजम् इन्दु प्रभम्।
अस्तु और्व: अपि सरस्वतीम् अनुगत: जाडय अम्बु विच्छित्तये
गो शब्द: गिरि वर्तते स नियतं योगं विना सिद्धिद: ॥५॥

---

१. मूर्ख अथवा बालक भी

इस श्लोक में पहले श्लोक के दूसरे पाद के दूसरे अक्षर अर्थात् क्लीं बीजाक्षर का गुण गान हैं।

यत्	— जो (सौः बीज अक्षर)	औवोंऽपि[2]	— [क] वाडव अग्नि भी [ख] औ बीज तुम्हें भी
सद्यः	— तत्क्षणात्	जाड्याम्बु	— अज्ञानरूपी जलों को
वचसाम्	— वाणियों को	विच्छितये	— सुखाने के लिये
प्रवृत्तिकरणे	— प्रवृत करने में	अस्तु	— [समर्थ] हो। अर्थात् (अज्ञान का नाश करे)
बुधैः	— बुद्धिमानों से	स गौ शब्दो	— वह गौ शब्द
दृष्टप्रभावम्	— देखे हुए प्रभाव वाला	गिरि	— वाणी के अर्थ में
(अस्ति)	है	वर्तते	— प्रयुक्त होता है
अहं	— मैं	नियतं	— [और] अवश्य ही
इन्दुप्रभम्	— चन्द्रमा की दीप्ति वाले (शीतल तथा आनन्ददायक)	[क]योगं विना	योग के विना
तार्तीयीकम्	— तीसरे (अर्थात सौः)	[ख]यो गं विना	जो [बीज अक्षर] गकार के बिना [अर्थात् औ बीज अक्षर]
त्वत् बीजम्	— तुम्हारे बीज अक्षर को	सिद्धिदः	— सिद्धि(लौकिक तथा पारमार्थिक)को देने
मनसा	— मन से	(अस्ति)	वाला है।
नमामि	— नमस्कार करता हूं		
सरस्वती	— सरस्वती के		
अनुगतो	— पीछे गया हुआ[1]		

१. ज्ञानरूपी अग्नि जो सभी भेद रूपी अज्ञान को नाश करता है।

२. प्रथम अर्थ :- वाडवानल (ज्ञान रूपी अग्नि जो सभी भेद रूपी अज्ञान को नाश करता है।)

द्वितीय अर्थ :- (औः वः अपि) औः बीज (तुम्हारे भी)

(क) योग आदि उपायों के विना ही सिद्धि देता है।

(ख) गकार के विना ही उच्चारण किया हुआ गौः शब्द अर्थात् औः सिद्धि देता है।

इस श्लोक में पहले श्लोक के तीसरे पाद के तीसरे अक्षर अर्थात् सौ बीजाक्षर का वर्णन है।

एकैकं तवदेवि ! बीजमनघं सव्यञ्जनाऽव्यञ्जनं,
कूटस्थं यदि् वा पृथक् क्रमगतं यद्वा स्थितं व्युत्क्रमात्।
यं यं काममपेक्ष्य येन विधिना केनापि वा चिन्तितं,
जप्तं वा सफली करोति सहसा तं तं समस्तं नृणाम्॥६॥

पदच्छेदः

एक एकं तव देवि ! बीजम् अनघं सव्यञ्जन अव्यञ्जनं
कूटस्थं यदि वा पृथक् क्रमगतं यद्वा स्थितं व्युत्क्रमात्।
यं यं कामम् अपेक्ष्य येन विधिना केन अपि वा चिन्तित
जप्तं वा सफली करोति सहसा तं तं समस्तं नृणाम् ।।६।।

देवि ! — हे देवि !
तव — तुम्हारा
एकैकं — प्रत्येक
अनघं — दोषरहित
बीजं — बीज अक्षर
सव्यंजन — व्यंजन सहित
अव्यंजनं — [या] व्यंजन रहित,
कूटस्थं[1] — [या] कूटस्थ बीज में ठहरा हुआ
यदि वा — या
पृथक्[2] क्रमगतं — भिन्न क्रम में गया हुआ,
यद्वा — या
व्युत्क्रमात्[3] — अक्रम भाव में
स्थितं — ठहरा हुआ
यं यं — जिस जिस
कामं — अभिलाषा की
अपेक्ष्य — अपेक्षा करके
येन केनापि — जिस किसी भी
विधिना — विधि से
चिन्तितं वा — चिन्तन
जप्तं — या जप किया हुआ हो वह विमर्श किया हुआ बीजाक्षर जप करने वाले
नृणाम् — मनुष्यों की
तं तं — उन
समस्तं — सभी [अभिलाषाओं को]
सहसा — तत्क्षणात्
सफली — सफल
करोति — करता है।

१. क्लीं   २. क् ल् ईं   ३. ल् क् ईं

वामे पुस्तक धारिणीमभयदां साक्षस्रजं दक्षिणे
भक्तेभ्यो वरदानपेशलकरां कर्पूर कुन्दो ज्ज्वलाम् ।
उज्जृम्भाम्बुजपत्रकान्तनयन स्निग्ध प्रभा लोकिनीं
ये त्वामऽम्ब न शीलयन्ति मनसा तेषां कवित्वं कुतः॥७॥

पदच्छेदः

वामे पुस्तक धारिणीम् अभयदां साक्षस्रजं दक्षिणे
भक्तेभ्यो वरदानपेशलकरां कर्पूरकुन्द उज्ज्वलाम् ।
उज्जृम्भ अम्बुजपत्र कान्तनयन स्निग्धप्रभा लोकिनीम्
ये त्वाम् अम्ब ! न शीलयन्ति मनसा तेषा कवित्वं कुतः ॥७ ।

अम्ब ! — मां, विश्व को उत्पन्न करने वाली,
ये — जो मनुष्य
वामे(करद्वये)— बायें दो हाथों में से (एक में)
पुस्तक — पुस्तक
धारिणीम् — धारण करने वाली
(च) — (और)
अभयदां* — (दूसरे से) अभय देने वाली
दक्षिणे(करद्वये)–दायें (दो हाथों में से) (एक में)
साक्षस्रजं — जप माला (धारण करने वाली और दूसरे में)
भक्तेभ्यो — भक्तों को
वरदान — वरदान देने के लिए
पेशलकरां — कोमल हाथ वाली
कर्पूर — कर्पूर पुष्प (एवं)
कुन्द (इव) — कुन्द पुष्प (जैसी)
उज्ज्वलां — प्रभा पूर्ण
उज्जम्भ — विकसित
अम्बुजपत्र — कमल पत्र के समान
कान्त — सुन्दर
नयन — नेत्रों की
स्निग्ध प्रभा- स्नेह पूर्ण दीप्ति से
आलोकिनीं — देखने वाली का
त्वां — तुम्हारे (उक्त इस

---

*इस ध्यान में देवी का चतुर्भुज ध्यान है, और उसके हाथों में पुस्तक, अक्षमाला, वर और अभय दिखाये गये हैं ।

	स्वरूप का)	तेषां	— उन्हें
मनसा	— मन से	कुतः	— कैसे
न शीलयन्ति	— — अभ्यास (मनन) नहीं करते हैं	कवित्वं ?	— सर्वज्ञता (प्राप्त हो सकती है ? अर्थात् नहीं हो सकती)।

ये त्वां पाण्डुर पुण्डरीक पटलस्पष्टाभिरामप्रभां
सिञ्चन्तीममृतद्रवैरिव शिरो ध्यायन्ति मूर्ध्नि स्थिताम्।
अश्रान्तं विकटस्फुटाक्षर पदा निर्याति वक्त्राम्बुजात्
तेषां भारति ! भारती सुरसरि त्कल्लोललोलोर्मिवत् ।।८।।

पदच्छेदः

ये त्वां पाण्डुर पुण्डरीक पटल स्पष्ट अभिराम प्रभां
सिञ्चन्तीम् अमृतद्रवैः इव शिरो ध्यायन्ति मूर्ध्नि स्थिताम् ।
अश्रातं विकट स्फुट अक्षर पदा निर्याति वक्त्र अम्बुजात्
तेषां भारति ! भारती सुरसरित् कल्लोल लोल उर्मिवत् ।।८।।

भारति !	— परारूपिणी - हे सरस्वती !		प्रवाहों से
		शिरः	— सिर को अर्थात् द्वादशान्त को
ये	— जो भक्त		
त्वाम्	— तुम्हारा	सिञ्चन्तीम्	— सींचती हुई.
पाण्डुर	— सफेद	मूर्ध्नि	— ललाट में
पुण्डरीक	— कमल के	स्थिताम्	— ठहरी हुई [का]
पटल	— समूह जैसे	ध्यायन्ति	— ध्यान करते हैं
स्पष्ट	— निर्मल [तथा]	तेषां	— उनके
अभिराम	— सुन्दर	वक्त्र	— मुख
प्रभां	— दीप्तिवाली	अम्बुजात्	— कमल से
अमृतद्रवैः इव	— मानो चित् अमृत के	विकट	— बडे [गम्भीर]

स्फुट	— स्पष्ट	कल्लोललोल	– चञ्चल
अक्षरपदा	— अक्षर और पदों वाली [परमार्थ पूर्ण]	ऊर्मिवत्	— तरंगों की जैसी
		अश्रान्तं	— निरन्तर
भारती	— वाणी	निर्याति	— निकलती है।
सुरसरित्	— आकाश गंगा की		

ये सिन्दूरपरागपुञ्जपिहितां त्वत्तेजसा द्यामिमाम्
उर्वीं चापि विलीन यावकरस प्रस्तार मग्नामिव।
पश्यन्ति क्षणमऽप्यऽनन्य मनस स्तेषामऽनङ्गज्वर-
क्लान्तास्त्रस्तकुरङ्ग शावक दृशो वश्या भवन्ति स्फुटम्॥९॥

पदच्छेदः

ये सिन्दूर पराग पुञ्जपिहितां त्वत् तेजसा द्याम् इमाम्
उर्वीं च अपि विलीन यावकरस प्रस्तार मग्नाम् इव।
पश्यन्ति क्षणम् अपि अनन्यमनसः तेषाम् अनङ्ग ज्वर-
क्लान्ताः त्रस्तकुरङ्ग शावकदृशः वश्याः भवन्ति स्फुटम् ॥९॥

ये	— जो [भक्त]	पिहितां	— छिपा हुआ
अनन्य मनसः	— एकाग्र मन वाले [भक्त]	उर्वींचापि इमां	और इस पृथ्वी को भी
त्वत्	— तुम्हारे	विलीन	— पिघले हुए
तेजसा	— तेज से	यावकरस	— लाक्षारस के[1]
इमां द्यां	— इस आकाश को	प्रसतार	— विस्तार में
सिन्दूर	— सिन्दूर की	मग्नां इव	— डूबी हुई जैसी
पराग	— धूलि के	क्षणम् अपि	— एक क्षण भी
पुञ्ज	— समूह से	पश्यन्ति	— देखते हैं

१. कश्मीरी में ओलुत।

अनङ्ग	— काम देव के		[सुन्दर शक्तियां सर्वज्ञता आदि]
ज्वर	— सन्ताप से		
क्लान्ताः	— पीडित	स्फुटं	— प्रत्यक्ष रूप में
त्रस्त	— डरे हुए	तेषां	— उन भक्तों के
कुरंग	— हिरण के	वश्या	— वश
शावक	— बच्चों [की जैसी]	भवन्ति	— हो जाती हैं।
दृशः	— आंखों वाली		

चञ्चत्काञ्चनकुण्डलाङ्गदधरामाऽऽबद्धकाञ्चीस्रजं
ये त्वां चेतसि तद्गतेक्षणमपि ध्यायन्ति कृत्वा स्थितिम्।
तेषां वेश्मसु विभ्रमादहरहः स्फारी भवन्त्यश्चिरं
माद्यत्कुञ्जरकर्णतालतरलाः स्थैर्यं भजन्ते श्रियः ॥१०॥

पदच्छेदः

चञ्चत् काञ्चन कुण्डल अङ्गद धराम् आबद्धकाञ्चीस्रज
ये त्वां चेतसि तद्गते क्षणम् अपि ध्यायन्ति कृत्वा स्थितिम्।
तेषां वेश्मसु विभ्रमाद् अहः अहः स्फारी भवन्त्यः चिरम्
माद्यत् कुञ्जर कर्णताल तरलाः स्थैर्यं भजन्ते श्रियः ॥१०॥

ये	— जो (भक्त)	त्वां	— तुम्हारे (स्वरूप का)
चंचत्	— चमकते हुए	तद्गते	— उसी (तुम्हारे स्वरूप में) एकाग्र
कांचन	— सोने की		
कुंडल	— बालियों (और)	चेतसि	— मन में
अंगद	— बाज़ूबन्दों को	क्षणमपि	— एक क्षण भी
धराम्	— धारण करने वाले	स्थिति कृत्वा	— एकाग्रता पूर्वक
आबद्ध	— तथा बांधी हुई	ध्यायन्ति	— ध्यान करते हैं
काञ्ची	— सोने की	तेषां	— उन (भक्तों) के
स्रजं	— तागडी वाले	वेश्मसु	— घरों में

अहरहः	— सदा	तरलाः	— चंचल
स्फारी	— विकसित	श्रियः	— शक्तियां
भवन्त्यः	— होती हुई	विभ्रमात्	— विवश होकर
माद्यत्	— मस्त	चिरं	— चिर काल तक
कुंजर	— हाथी के	स्थैर्यं	— स्थिरता को
कर्णताल	— कनपुटी जैसी	भजन्ते	— सेवन करती है।

आर्भट्या शशिखण्डमण्डितजटाजूटांनृमुण्डस्त्रजं
बन्धूकप्रसवारुणाम्बरधरां प्रेतासनाध्यासिनीम्।
त्वां ध्यायन्ति चतुर्भुजां त्रिनयनामाऽऽपीनतुङ्गस्तनीं
मध्ये निम्नवलित्रयाङ्कितततनुं त्वद्रूपसंवित्तये॥११॥

पदच्छेदः

आर्भटया शशिखण्डमण्डित जटाजूटां नृमुण्डस्त्रजं
बन्धूक प्रसवअरुणअम्बरधरां प्रेत आसन अध्यासिनीम् ।
त्वां ध्यायन्ति चतुर्भुजां त्रिनयनाम् आपीन तुङ्गस्तनीम्
मध्ये निम्न वलि त्रय अङ्कितततनुं त्वत्‌रूप संवित्तये ॥११॥

आर्भटया	— वीरवृत्ति पूर्ण	अम्बरधरां	— वस्त्र धारण किये हुए,
शशिखण्ड	— चन्द्रकला से		
मंडित	— सुशोभित,	प्रेतासन	— प्रेतरूप आसन पर
जटाजूटां	— जटाजूट वाली	अध्यासिनो	— बैठी ईहु
नृमुण्ड	— मनुष्य की खोपडी की	चतुर्भुजां	— चार भुजाओं वाली,
		त्रिनयनां	— तीन नेत्रों वाली[1]
स्त्रजं	— मालाधारी,	आपीन	— बडे
बन्धूकप्रसव	— बन्धूक पुष्प जैसे	तुङ्ग	— मोटे
अरुण	— लाल	स्तनीं	— स्तनों वाली[2]

१. तीन नेत्र–सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि। २. माता की भांति जगत् को आप्यायन और आप्लावन देने वाली।

मध्ये	— मध्य भाग में	रूप	— स्वरूप के
निम्न	— सूक्ष्म (गहरे)	संवित्तये	— जानने के लिये (भक्तजन)
वलित्रय	— तीन रेखाओं[1] के		
अंकित	— चिह्न वाले (ऐसे),	त्वां	— तुम्हें
तनुं	— स्वरूप का	ध्यायन्ति	— ध्यान करते हैं।
त्वत्	— तुम्हारे		

जातोऽप्यऽल्प परिच्छदे क्षितिभुजां सामान्य मात्रे कुले
निःशेषावनिचक्रवर्तिपदवीं लब्ध्वा प्रतापोन्नतः।
यद्विद्याधरवृन्दवन्दित पदः श्रीवत्सराजोऽभवत्
देवि ! त्वच्चरणाम्बुज प्रणतिजः सोऽयंप्रसादोदयः॥१२॥

पदच्छेदः

जातः अपि अल्पपरिच्छदे क्षितिभुजां सामान्यमात्रे कुले
निःशेषअवनि चक्रवर्ति पदवीं लब्ध्वा प्रताप उन्नतः।
यत् विद्याधर वृन्दवन्दितपदः श्रीवत्सराजः अभवत्
देवि ! त्वत् चरण अम्बुज प्रणतिजः स अयं प्रसाद उदयः ॥१२॥

देवि !	— हे देवी !	श्रीवत्सराजः	— कौशाम्बी नगरी का राजा
क्षितिभुजां	— क्षत्रियों के		
सामान्यमात्रे	— अति साधारण	यत्	— जो
कुले	— कुल (और)	निःशेष	— सारी
अल्प	— छोटे	अवनि	— पृथ्वी के
परिच्छदे	— वंश में	चक्रवर्ति	— चक्रवर्ती सम्राट की
जातः	— उत्पन्न हुआ	पदवीं	— पदवी को
अपि	— भी	लब्ध्वा	— पाकर

१. तीनवलि—इच्छा, ज्ञान, तथा क्रिया।

प्रताप	— ऊँचे प्रताप वाला	सोऽयं[1]	— वह यही
उन्नतः	— (अति प्रतापी)	प्रसाद	— अनुग्रह का
(च)	— (और)	उदयः	— उदय था
विद्याधर	— विद्याधरों के	त्वत्	— (जो) तुम्हारे
वृन्द	— समूह से	चरण	— चरण
वन्दित	— पूजे हुए	अम्बुज	— कमलों के
पदः	— चरणों वाला	प्रणतिजः	— प्रणाम से उत्पन्न
अभवत्	— बना		हुआ था।

चण्डि ! त्वच्चरणाम्बुजार्चनविधौ बिल्वीदलोल्लुण्ठन-
त्रुट्यत्कण्टककोटिभिः परिचयं येषां न जग्मुः कराः।
ते दण्डाङ्कुशचक्रचापकुलिशश्रीवत्समत्स्याङ्कितैः
जायन्ते पृथिवीभुजः कथमिवाम्भोजप्रभैः पाणिभिः ।१३।

पदच्छेदः

चण्डि ! त्वत् चरण अम्बुज अर्चन विधौ बिल्वीदल उल्लुण्ठन-
त्रुटचत् कण्टक कोटिभिः परिचयं येषां न जग्मुः कराः।
ते दण्ड अङ्कुश चक्र चाप कुलिश श्रीवत्स मत्स्य अङ्कितैः
जायन्ते पृथिवीभुजः कथम् इव अम्भोज प्रभैः पाणिभिः ॥१३॥

चण्डि !	— हे तेजस्विनी !	विधौ	— विधि में
त्वत्	— तुम्हारे	येषां	— जिन (अभक्तों के)
चरण	— चरण (ज्ञान, क्रिया रूप चरण)	कराः	— हाथों से
		विल्वीदल	— विल्वपत्र के
अम्बुज	— कमलों की	उल्लुण्ठन	— तोडने से
अर्चन	— पूजा की	त्रुटचत्	— चुभते हुए

१. वह ऐसे (ऊपर बताए गए)

कंटक	— कांटों के कष्ट को नहीं सहा[1]	चाप	— धनुष
		कुलिश	— कुल्हाडी
कोटिभिः	— करोडों	श्रीवत्स	— श्रीवत्स रत्न
{ परिचयं	— (कांटों की नोकों	मत्स्य	— [और] मछली के
न जग्मुः	— से जानकारी नहीं की)	अंकितैः	— चिह्नों वाले[3]
		अम्भोजप्रभैः	— कमल जैसे
ते	— वह (अभक्त)	पाणिभिः	— हाथों से युक्त
दंड	— डंडा	पृथिवीभुजः	— चक्रवर्ती राजा
अंकुश	— आंकस[2]	कथं इव	— किस प्रकार,
चक्र	— चक्र	जायन्ते	— बन सकते हैं ?

विप्राः क्षोणिभुजो विशस्तदितरे क्षीराज्यमध्वासवैः
त्वां देवि ! त्रिपुरे ! पराऽपरमयीं सन्तर्प्य पूजाविधौ ।
यां यां प्रार्थयते मनःस्थिरधियां तेषां त एव ध्रुवं
तां तां सिद्धिमवाप्नुवन्ति तरसा विघ्नैरविघ्नी कृताः। १४।

पदच्छेदः

विप्राः क्षोणिभुजः विशः तत् इतरे क्षीर आज्य मधु आसवैः
त्वां देवि ! त्रिपुरे ! पर अपरमयीं सन्तर्प्य पूजाविधौ ।
यां यां प्रार्थयते मनः स्थिरधियां तेषां ते एव ध्रुवं
तां तां सिद्धिम् अवाप्नुवन्ति तरसा विघ्नैः अविघ्नी कृताः ॥१४॥

---

१. जिन्होंने देवी की पूजा के लिए कष्ट सहे उनको ही चक्रवर्ती राजा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अभक्त ऐसा फल प्राप्त नहीं कर सकते हैं।

२. कश्मीरी में टोंग।

३. सामुद्रिक शास्त्रों की दृष्टि से दण्ड, अंकुश आदि के आकार हाथ पर होने चक्रवर्ती राजा बनने के लक्षण हैं।

देवि ! त्रिपुरे !	— हे क्रीडनशील त्रिपुरा देवी !		करते हैं
		तेषां	— उन
विप्राः	— ब्राह्मण	स्थिरधियां	— अटल बुद्धि वालों का
क्षोणिभुजो	— क्षत्रिय		
विशः	— वैश्य (और)	मनः	— मन
तत् इतरे	— इनके अतिरिक्त [जीवन मुक्त]	यां यां	— जिस जिस
		सिद्धि	— सिद्धि को
क्षीर	— दूध	प्रार्थयते	— चाहता है
आज्य	— घी	तां तां	— उस २ [सिद्धि को]
मधु	— शहद [और]	ते	— वे [भक्त]
आसवैः	— चित् रस से	ध्रुवं एव	— निश्चय ही
त्वां	— तुझ	विघ्नैः	— सब विघ्नों से
परापरमयीं	— स्थूल और सूक्ष्म रूप देवी को	अविघ्नी-	— निर्विघ्न
		कृताः	— होकर
पूजाविधौ	— पूजा की विधि में	तरसा	— उसी क्षण
संतर्प्य	— [तुझ को] तृप्त	अवाप्नुवन्ति	— प्राप्त करते हैं।

शब्दानां जननी त्वमत्र भुवने वाग्वादिनीत्युच्यसे
त्वत्तः केशववासवप्रभृतयोऽप्याविर्भवन्ति स्फुटम्।
लीयन्ते खलु यत्र कल्पविरमे ब्रह्मादयस्तेऽप्यमी
सा त्वं काचिदचिन्त्यरूपमहिमा शक्तिः परा गीयसे।१५।

पदच्छेदः

शब्दानां जननी त्वम् अत्र भुवने वाक् वादिनी इति उच्यसे
त्वत्तः केशववासव प्रभृतयः अपि आविर्भवन्ति स्फुटम्।
लीयन्ते खलु यत्र कल्पविरमे ब्रह्मा आदयः ते अपि अमी
सा त्वं काचित् अचिन्त्यरूप महिमा शक्तिः परा गीयसे ॥१५॥

त्वं	— तुम	ते अमी	— वही यह
अत्र	— इस	ब्राह्मादयः	— ब्रह्मा [विष्णु] इत्यादि[2]
भुवने	— जगत् में		
शब्दानां	— सभी शब्दों की	अपि	— भी
जननी	— उत्पन्न करने वाली	कल्प	— कल्प के
वाग्वादिनी	— वाणियों की[1] उच्चारण करने वाली	विरमे	— अंत में
		यत्र	— जिस [तुम्हारे स्व-रूप] में
इति	— इस नाम से	खलु	— निश्चय करके
उच्यसे	— कहलाती हो।	लीयन्ते	— लय हो जाते हैं
केशव	— विष्णु	सा त्वम्	— वही तुम
वासव	— इन्द्र	काचित्	— कोई [अलौकिक]
प्रभृतयः	— इत्यादि	अचिन्त्य	— चिन्तन से अतीत
अपि	— भी	रूप	— रूप [और]
त्वत्तः	— तुम से ही	महिमा[3]	— महिमा वाली
स्फुटं	— प्रत्यक्ष रूप से	परा शक्तिः	— परा [उत्कृष्ट] शक्ति
आवि-	— प्रकट		
र्भवन्ति	— होते हैं।	गीयसे	— गाई जाती हो।

देवानां त्रितयं त्रयी हुतभुजां शक्तित्रयं त्रिस्वरा-
स्त्रैलोक्यं त्रिपदी त्रिपुष्करमथो त्रिब्रह्म वर्णास्त्रयः।

---

१. चार प्रकार की वाणियां परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी है। यह सब परा शक्ति का ही प्रसर है और इसी से सारी सूक्ष्म, स्थूल सृष्टि की उत्पत्ति है।

२. ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र जो सृष्टि, स्थिति और संहार के अधिकारी हैं शक्ति से ही निकलते हैं और उसी में लय हो जाते हैं।

३. अर्थात् जिसका रूप और महिमा कहा नही जा सकता है।

यत्किञ्चिज्जगति त्रिधा नियमितं वस्तु त्रिवर्गात्मकं
तत्सर्वं त्रिपुरेति नाम भगवत्यन्वेति ते तत्त्वतः ॥१६॥

पदच्छेदः

देवानां त्रितयं त्रयी हुतभुजां शक्तित्रयं त्रिस्वराः
त्रैलोक्यं त्रिपदी त्रिपुष्करम् अथो त्रिब्रह्म वर्णाः त्रयः ।
यत् किंचित् जगति त्रिधा नियमितं वस्तु त्रिवर्ग आत्मकम्
तत् सर्वं त्रिपुरा इति नाम भगवति ! अन्वेति ते तत्त्वतः ॥१६॥

भगवति !	— हे ऐश्वर्य शालिनी भगवती !		शक्ति, शिव] [इडा, पिंगला, सुषुम्ना]
देवानां त्रितयं	— तीन देवता (ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र)	त्रयः वर्णाः	— तीन वर्ण [ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य]
हुतभुजां त्रयी	— तीन अग्नियां (गार्हस्थ, हवन, श्मशान	जगति	— जगत में
		यत्	— जो
		किंचित्	— कोई भी
शक्ति त्रयं	— तीन शक्तियां (इच्छा,ज्ञान,क्रिया)	त्रिवर्गात्मकं	— तीन वर्गों के रूप
		वस्तु	— पदार्थ
त्रिस्वराः	— तीन स्वर (अ,इ,उ) [उदात्त, अनुदात्त, स्वरित]	त्रिधा	— तीन प्रकार से
		नियमितं	— नियम में बांधा गया है
त्रैलोक्यं	— तीन लोक [भूः, भुवः, स्वः]	तत्सर्वं	— वह सब ही
		तत्त्वतः	— वास्तवता से
त्रिपदी	— तीन पद [गायत्री, जालंधर, कामरूप]	ते	— तुम्हारे
		त्रिपुरा	— त्रिपुरा
त्रिपुष्करम्	— तीन जल [नाभि, हृदय, ललाट]	इति	— ऐसे
		नाम	— नाम का
अथो	— और	अन्वेति	— अनुसरण करते हैं।
त्रिब्रह्म	— तीन ब्रह्म [नर,		

लक्ष्मीं राजकुले जयां रणभुवि क्षेमङ्करीमध्वनि
क्रव्यादद्विपसर्पभाजि शवरीं कान्तारदुर्गे गिरौ।
भूतप्रेतपिशाचजम्बुकभये स्मृत्वा महाभैरवीं
व्यामोहे त्रिपुरां तरन्ति विपदस्तारां च तोयप्लवे ।।१७।।

पदच्छेदः

लक्ष्मीं राजकुले जयां रणभुवि क्षेमङ्करीम् अध्वनि
क्रव्याद द्विपसर्पभाजिशवरीं कान्तार दुर्गे गिरौ ।
भूतप्रेत पिशाचजम्बुकभये स्मृत्वा महाभैरवीम्
व्यामोहे त्रिपुरां तरन्ति विपदः तारां च तोयप्लवे ।।१७।।

राजकुले	— राजकुल में	जम्बुक	— गीदड इत्यादि पशुओं के
लक्ष्मीं	— लक्ष्मी का,	भये	— भय में,
रणभुवि	— युद्ध क्षेत्र में	महाभैरवीं	— महा भैरवी रूप का,
जयां	— जया रूप का,	व्यामोहे	— बडे मोह में
क्रव्याद-	— शेर	त्रिपुरां	— त्रिपुरा रूप का,
द्विप-	— हाथी	तोय	— जल के
सर्प भाजि	— सांपों आदि से भरे	प्लवे	— बाढ में
अध्वनि	— मार्ग में,	तारां	— [तुम्हारे]तारारूप पार कराने वाली का
क्षेमंकरीम्	— क्षेमंकरी [कल्याण कारिणी] का,	स्मृत्वा	— स्मरण करके (भक्तजन)
कांतार	— कठिन (और)	विपदः	— आपदाओं को
दुर्गे	— दुर्गम	तरन्ति	— पार करते हैं। [अर्थात् आपदाओं से छुटकारा पाते हैं]
गिरौ	— पहाड पर		
शवरीं	— शिकारिन रूप का,		
भूत प्रेत	— भूत प्रेत		
पिशाच	— पिशाच और		

माया कुण्डलिनी क्रिया मधुमती काली कला मालिनी
मातङ्गी विजया जया भगवती देवी शिवा शाम्भवी।
शक्तिः शङ्करवल्लभा त्रिनयना वाग्वादिनी भैरवी
ह्रींकारी त्रिपुरा परापरमयी माता कुमारीत्यसि ॥१८॥

पदच्छेदः

माया कुण्डलिनी क्रिया मधुमती काली कला मालिनी
मातङ्गी विजया जया भगवती देवी शिवा शाम्भवी ।
शक्तिः शङ्करवल्लभा त्रिनयना वाक्वादिनी भैरवी
ह्रींकारी त्रिपुरा पर अपर मयी माता कुमारी इति असि ॥१८॥

माया — स्वातंत्र्य शक्ति
कुंडलिनी — मूलाधार शक्ति
क्रिया — क्रिया शक्ति
मधुमती — आनन्द शक्ति
काली — सृष्टि, स्थिति, संहार शक्ति
कला — अमृतमयी अमा कला
मालिनी — आदि क्षान्त वर्ण माला शक्ति
मातंगी — मतंग ऋषि की कन्या
विजया जया — विजय और जय रूपिणी
भगवती — सर्व ऐश्वर्य मयी
देवी — क्रीडन शीला
शिवा — कल्याण रूपिणी
{ शाम्भवी- — शंभु की अभिन्न
{ शक्ति — शक्ति
शंकर- — शंकर की
वल्लभा — प्रिया
त्रिनयना — (सूर्य, चद्र, अग्नि रूप) तीन नेत्रों वाली
वाग्वादिनी — परा आदि वाणी रूप विमर्शमयी
भैरवी — (भरन, रवन, वमन करने वाली) भैरव की शक्ति
ह्रींकारी — ह्रींकार रूप (माया बीज)
त्रिपुरा — इडा, पिंगला, सु-

	षम्ना रूपिणी		वाली
परापरमयी	— स्थूल सूक्ष्म रूपिणी	इति	— इन इन नामों से
माता	— जगत् जननी	असि	— तुम ही हो।
कुमारी	— भेद को नष्ट करने		

आई पल्लवितैः परस्परयुतैर्द्वि[1]त्रिक्रमाद्यक्षरैः
काद्यैः क्षान्तगतैः स्वरादिभिरथो क्षान्तैश्च तैः सस्वरैः।
नामानि त्रिपुरे! भवन्ति खलु यान्यत्यन्तगुह्यानि ते
तेभ्यो भैरवपत्नि विंशतिसहस्रेभ्यः परेभ्यो नमः ॥१६॥

पदच्छेदः

आई पल्लवितैः परस्परयुतैः द्वि त्रि क्रम आदि अक्षरैः
कआद्यः क्षअन्त गतैः स्वर आदिभिः अथो क्षअन्तैः च तैः सस्वरैः।
नामानि त्रिपुरे! भवन्ति खलु यानि अत्यन्त गुह्यानि ते
तेभ्यः भैरवपत्नि! विंशतिसहस्रेभ्यः परेभ्यः नमः ॥१९॥

त्रिपुरे!	— हे त्रिपुरा देवी!	अथो	— फिर
आई पल्लवितैः	आ और ई से लेकर प्रसर में आये हुये	क्षान्तैः च	— क्ष जिनके अन्त में है
परस्परयुतैः	— आपस में मिले हुए	तैः	— उन (क से क्ष तक)
काद्यैः	— क से लेकर	सस्वरैः	— स्वरों सहित (अक्षरों से)
क्षान्तगतैः	— क्ष तक गये हुए	यानि	— जो
द्वि त्रि	— दो या तीन के	अत्यन्त	— बहुत ही
क्रमाद्यक्षरैः	— क्रम के अक्षरों से	गुह्यानि	— रहस्य
स्वरादिभिः	— आदि में स्वर रख कर	नामानि	— नाम
		ते	— तुम्हारे

१. पाठभेदः–"द्विद्विक्रमा" = द्विद्वि वर्णक्रममाश्रित्य

खलु	— निश्चय ही	विंशति-सहस्त्रेभ्यः	— बीस हज़ार से भी
भवन्ति	— बनते हैं	परेभ्यः	— अधिक (नामों को) (अनन्त)
भैरवपत्नि !	— हे भैरव की शक्ति!	नमः	— नमस्कार हो।
तेभ्यः	— उन सब		

बोद्धव्या निपुणं बुधैः स्तुतिरियं कृत्वा मनस्तद्गतं
भारत्यास्त्रिपुरेत्यनन्यमनसो यत्राद्यवृत्ते स्फुटम्।
एकद्वित्रिपदक्रमेण कथितस्तत्पाद संख्याक्षरैः
मन्त्रोद्धारविधिर्विशेषसहितः सत्संप्रदायान्वितः ॥२०॥

पदच्छेदः

बोद्धव्या निपुणं बुधैः स्तुतिः इयं कृत्वा मनः तद्गतं
भारत्याः त्रिपुराइति अनन्यमनसः यत्र आद्यवृते स्फुटम्।
एकद्वि त्रिपद क्रमेण कथितः तत्पाद संख्या अक्षरैः
मन्त्र उद्धार विधिः विशेष सहितः सत्संप्रदाय अन्वितः ॥२०॥

इयं	— यह		(मन से [यह विमर्श करते हुए कि]
भारत्याः	— [सरस्वती] भगवती की	त्रिपुराइति	— त्रिपुरा देवी ही [सब का कारण है]
स्तुतिः	— स्तुति	बोद्धव्या	— जाननी चाहिए,
बुधैः	— ज्ञानवानों को	यत्र	— जिस स्तुति में
निपुणं	— [अपने] तीक्ष्ण	आद्यवृत्ते	— पहले ही श्लोक में
मनः	— मन को	एकद्वि त्रि	— पहले दूसरे और तीसरे
तगद्तं कृत्वा	— उसी [देवी में] एकाग्र करके	पदक्रमेण	— पदों केक्रम से
अनन्य मनसा	— [और] न किसी में लगाये हुए		

तत्	— उस [श्लोक] के		अथवा गुरु क्रम से
पाद	— पादों की	अन्वितः	— युक्त
सांख्याक्षरैः	— गिनती के अक्षरों के अनुस्वार	मन्त्रोद्धार	— मंत्र के निकालने का
		विधिः	— ढंग
विशेषसहितः	— विशेषता के सहित	स्फुटम्	— प्रकट रूप से
सत्संप्रदाय	— परमार्थ सम्प्रदाय	कथितः	— कहा है।

सावद्यं निरवद्यमस्तु यदि वा किं वा नया चिन्तया
नूनं स्तोत्रमिदं पठिष्यति नरो यस्यास्ति भक्ति स्त्वयि।
सञ्चिन्त्यापि लघुत्वमात्मनि दृढं सञ्जायमानं हठात्
त्वद्भक्त्या मुखरी कृतेन रचितं यस्मान्मयापि स्फुटम्।२१।

पदच्छेदः

स अवद्यं निर् अवद्यम् अस्तु यदि वा किं वा अनया चिन्तया
नूनं स्तोत्रम् इदं पठिष्यति नरः यस्य अस्ति भक्तिः त्वयि।
सञ्चिन्त्य अपि लघुत्वम् आत्मनि दृढं सञ्जायमानं हठात्
त्वत् भक्त्या मुखरी कृतेन रचितं यस्मात् मया अपि स्फुटम्।२१।

अनया	— इस	अस्तु	— (यह स्तुति) हो
चिन्तया	— चिन्ता से	यस्य	— जिस पुरुष की
किं ?	— क्या लाभ है ? (अर्थात् कुछ भी नहीं)	त्वयि	— तुझ में
		भक्तिः	— भक्ति
		अस्ति	— है
इदं स्तोत्रं	— कि यह स्तोत्र	(स) नरः	— (वह) मनुष्य
सावद्यं	— (चाहे) दोष सहित	नूनं	— अवश्य
यदि वा	— अथवा	पठिष्यति	— पढेगा (विमर्श करेगा)
निरवद्यं	— दोष रहित		

यस्मात — क्योंकि
त्वत् — तुम्हारी
भक्त्या — भक्ति से
मुखरी कृतेन - वाचाल (तीक्ष्ण विमर्श युक्त, बने हुए
मया अपि — मैंने भी
आत्मनि — अपने स्वरूप में
ध्रुवं — निश्चय करके
दृढं — दृढता से
संजायमानं — उत्पन्न हुए

लघुत्वं — अल्पभाव को[1]
संचित्य — विचार करके (विमर्श करके)
अपि — भी
हठात् — हठ से
स्फुट — (और) स्फुट भाव से
रचितम् — [इस स्तोत्र की] रचना की।

---

१. दूसरा अर्थ—हल्कापन अर्थात् शरीर, प्राण इत्यादि के अभिमान का अभाव।

ॐ

अथ चर्चस्तवो द्वितीयः ।।

नमस्त्रिपुरसुन्दर्यै

आनन्दसुन्दरपुरन्दरमुक्तमाल्यं
मौलौ हठेन निहितं महिषासुरस्य।
पादाम्बुजं भवतु मे विजयाय मञ्जु-
मञ्जीरशिञ्जितमनोहरमम्बिकायाः ।।१।।

पदच्छेदः

आनन्द सुन्दर पुरन्दर मुक्त माल्यं
मौलौ हठेन निहितं महिषासुरस्य ।
पाद अम्बुजं भवतु मे विजयाय मञ्जु
मञ्जीर शिञ्जित मनोहरम् अम्बिकायाः ।।१।।

आनन्द- — आनन्द के कारण
सुन्दर- — सुन्दर प्रसन्न बने हुए
पुरन्दर- — इन्द्र से (डाली हुई)
मुक्तमाल्यं — मोतियों की माला वाला
महिषासुरस्य — महिषासुर राक्षस के (देहाभिमान रूप)
मौलौ — सिर पर
हठेन — ज़ोर से (आग्रह से)
निहितं — रखा हुआ (तथा) देहाभिमान को हटाने में समर्थ

मञ्जु-	— सुन्दर	पादाम्बुजं	— चरणकमल (ज्ञान क्रिया रूप)
मञ्जीर-	— पायलों की	मे	— मेरी
शिंजित-	— मीठी झंकार से	विजयाय	— (भेद पर) विजय के लिए
मनोहरम्	— मन को मोहित (शुद्ध अहं विमर्श पूर्ण) करने वाला	भवतु	— हो। (मेरे सभी मलों को दूर करें)
अम्बिकाया:	— जगत माता का		

सौन्दर्यविभ्रमभुवो भुवनाधिपत्य-
सम्पत्तिकल्पतरवस्त्रिपुरे ! जयन्ति।
एते कवित्वकुमुदप्रकरावबोध-
पूर्णेन्दवस्त्वयि जगज्जननि प्रणामः ॥२॥

पदच्छेदः

सौन्दर्य विभ्रमभुव: भुवनआधिपत्य
सम्पत्तिकल्पतरव: त्रिपुरे ! जयन्ति।
एते कवित्व कुमुद प्रकरअवबोध
पूर्ण इन्दव: त्वयि जगत् जननि ! प्रणामा: ॥२॥

(हे)जगज्जननि !	स्वतन्त्र विच्छक्ति ! हे जगत की माता	भुवो	— भूमियां उत्पत्तिस्थान
त्रिपुरे !	— त्रिपुरे जाग्रत्, स्वप्न सुषुप्ति को पूर्ण करने वाली,	भुवन-	— तीन भुवनों के (भू: भुव: स्व:)
सौन्दर्य-	— (आपके प्रकाश-विमर्श रूप)सुन्दरता के	आधिपत्य-	— स्वामिभाव रूपी
विभ्रम-	— विकास की	संपत्ति-	— सम्पदा के पाने के लिए
		कल्पतरव:	— कल्पवृक्ष के समान (हैं)
		कवित्व	— (तथा) सर्वज्ञता

	रूपी		जैसी (हैं) इस कारण
कुमुद-	— कमलों (कुमुद पुष्पों) के	त्वयि	— (भक्तों के) तुम्हारे प्रति
प्रकर-	— समूह को	एते	— यह (बार बार किए हुए)
अवबोध-	— विकास में लाने के लिए	प्रणामाः	— प्रणाम
पूर्णेन्दवः	— परिपूर्ण चन्द्रमा	जयन्ति	— विजय शाली हैं।

देवी को बार बार प्रणाम करने से तीनों भुवनों का स्वामि-भाव तथा सर्वज्ञता इत्यादि शक्तियां प्राप्त होती हैं।

सर्वज्ञता से सर्वकर्त्ताभाव, पूर्णता, व्यापकता तथा नित्यता भी समझ लेनी चाहिए!

देवि! स्तुतिव्यतिकरे कृतबुद्धयस्ते
वाचस्पतिप्रभृतयोपि जडीभवन्ति।
तस्मान्निसर्गजडिमा कतमोहमऽत्र
स्तोत्रं तव त्रिपुरतापनपत्नि! कर्तुम्॥३॥

पदच्छेदः

देवि! स्तुति व्यतिकरे कृतबुद्धयः ते
वाचस्पति प्रभृतयः अपि जडी भवन्ति।
तस्मात् निसर्ग जडिमा कतमः अहम् अत्र
स्तोत्र तव त्रिपुरतापन पत्नि! कर्तुम्॥३॥

देवि!	— हे देवि! सृष्टि-आदि क्रीडा करने-वाली	ते	— तुम्हारी
		स्तुति-	— स्तुति करने के स्वरूप-वर्णन

व्यतिकरे — उद्योग में
कृतबुद्धयः — तीक्ष्ण बुद्धि वाले
वाचस्पति- — बृहस्पति
प्रभृतयः — इत्यादि [देववर्ग]
अपि — भी
जडी — असमर्थ
भवन्ति — हो जाते हैं
तस्मात् — इस कारण
त्रिपुर- — हे त्रिपुरासुर को आणव, मायीय तथा कार्ममल रूपी अथवा स्थूल, सूक्ष्म, कारण शरीर पर देहाभि-

मान त्रिपुरासुर रूप
तापन- — मारने वाले (शिव) की
पत्नि ! — अभिन्न शक्ति !
अत्र — इस संसार में
तव — तुम्हारी
स्तोत्रं — स्तुति
कर्तुं — करने के लिए
निसर्ग- — स्वभाव से ही
जडिमा — मन्द बुद्धि
अहं — मैं
कतमः — किस गिनती में हूं।

मातस्तथापि भवतीं भवतीं भवतीव्रताप-
विच्छित्तये स्तुतिमहार्णवकर्णधारः।
स्तोतुं भवानि! स भवच्चरणारविन्द-
भक्तिग्रहः किमपि मां मुखरी करोति ॥४॥

पदच्छेदः

मातः! तथा अपि भवती भव तीव्रताप-
विच्छित्तये स्तुति महा अर्णव कर्णधारः।
स्तोतुं भवानि! स भवत् चरण अरविन्द-
भक्तिग्रहः किम् अपि मा मुखरी करोति ॥४॥

मातः! — हे माता!
तथापि — फिर भी (मूर्ख होते हुए भी)
भव- — संसार के

तीव्र- — तीक्ष्ण
ताप- — संताप के
विच्छित्तये — नाश करने के लिए
स — वह
स्तुति- — स्तुति
महार्णव- — (जो अज्ञान रूपी) बडे सागर को (पार करने के लिये)
कर्णधारः मल्लाह रूप है (तथा)
भवत्- — आपके

चरणारविन्द— चरण कमलों की (अधिक)
भक्तिग्रहः — भक्ति का हठ
भवतीं — आप की
स्तोतुं — स्तुति करने के लिए
मां — मुझे
भवानि ! — हे भवानी !
किमपि — कुछ कुछ
मुखरी — वाचाल
करोति — बनाता है। (प्रेरित करता है)

सूते जगन्ति भवती भवती बिभर्ति
जागर्ति तत्क्षयकृते भवती भवानि।
मोहं भिनत्ति भवती भवती रुणद्धि
लीलायितं जयति चित्रमिदं भवत्याः॥५॥

पदच्छेदः

सूते जगन्ति भवती भवती बिभर्त्ति
जार्गात तत्क्षयकृते भवती भवानि !
मोह भिनत्ति भवती भवती रुणद्धि
लीलायितं जयति चित्रम् इदं भवत्याः ॥५॥

भवानि ! — शिव से पृथ्वी तक ३६ तत्त्व रूप जगत की सृष्टि करने वाली हे शंकर की अभिन्न शक्ति !

भवती — आप ही
जगन्ति — जगतों की
सूते, — सृष्टि करती हो,[1]
भवती — आप ही
(जगन्ति) — जगतों को

बिभर्ति,	— धारण (स्थिति)[2] करती हो,		भवती	— आप ही	
भवती	— आप ही		रुणद्धि,	— स्वरूप का गोपन करती हो [पिधान]	
तत्क्षयकृते	— उन जगतों को नाश करने के लिए		इदं	— यह	
जागर्ति,	— जागती रहती हो [संहार]		चित्रं	— आश्चर्यमय	
भवती	— आप ही		भवत्याः	— आपकी	
मोहं	— मोह को		लीलायितं	— क्रीडा (पंचकृत्यरूप अर्थात् सृष्टि, स्थिति, संहार, विलय, अनुग्रह)	
भिनत्ति,	— नाश करती हो[3] [अनुग्रह]		जयति	— विजय शाली है।	

"सृष्टि संहारकर्तारं विलयस्थिति कारकम्।
अनुग्रहकर देवं प्रणतार्ति विनाशनम् ॥" उ० स्तो०

यस्मिन्मनागऽपि नवाम्बुजपत्रगौरि!
गौरि! प्रसादमधुरां दृशमाऽदधासि।
तस्मिन्निरन्तरमनङ्गशरावकीर्ण-
सीमन्तिनीनयनसन्ततयः पतन्ति ॥६॥

पदच्छेदः

यस्मिन् मनाक् अपि नव अम्बुजपत्र गौरि!
गौरि! प्रसादमधुरां दृशम् आदधासि।
तस्मिन् निरन्तरम् अनङ्ग शर अवकीर्ण-
सीमन्तिनी नयन सन्ततयः पतन्ति ।६॥

(हे) नव	— (हे) नये	पत्र-	— पत्ते जैसी
अम्बुज-	— खिले हुए कमल के	गौरि!	— (निर्मल) गौरी

	पार्वती !	अवकीर्ण-	— चंचल बनी हुई
यस्मिन्	— जिस भक्त पर	सीमन्तिनी-	— सुन्दर शक्तियों की
मनाक् अपि	— थोडे भी	नयन-	— दृष्टि की
प्रसाद	— अनुग्रह के कारण	सन्ततय:	— पंक्तियां
मधुरां	— आनन्ददायक	निरन्तरं	— लगातार
दृशं	— दृष्टि	पतन्ति	— पडती हैं ।
आदधासि,	— डालती हो		अर्थात् सुन्दर अणि-
तस्मिन	— उस भक्त पर		मादिक शक्तियां
(हे) गौरि !	— हे पार्वती !		उसके वश में हो
अनङ्ग-	— कामदेव के		जाती हैं ।
शर-	— बाणों के कारण		

पृथ्वीभुजोऽप्युदयनप्रवरस्य तस्य
विद्याधरप्रणतिचुम्बितपादपीठः ।
यच्चक्रवर्तिपदवीप्रणयः स एष
त्वत्पादपङ्कजरजःकणजः प्रसादः ॥७॥

पदच्छेदः

पृथ्वीभुजः अपि उदयन प्रवरस्य तस्य
विद्याधर प्रणति चुम्बित पाद पीठः ।
यत् चक्रवर्ति पदवी प्रणयः स एष
त्वत् पाद पङ्कजरजः कणजः प्रसादः ॥७॥

तस्य	— उस	यत्	— जो
उदयन-	— { उदयनप्रवर	विद्याधर-	— विद्याधरों के
प्रवरस्य	नाम वाले	प्रणति-	— प्रणामों से
पृथ्वीभुजः	— सम्राट् राजा को	चुम्बित-	— चूमे हुए (स्पर्श किए हुए)
अपि	— भी		

पादपीठः — चरणों के आसन वाली
चक्रवर्ति- — चक्रवर्ती राजा की
पदवी- — पदवी की
प्रणयः(आसीत्) प्राप्ति [थी]
स — वह [प्राप्ति]
एष — इस
त्वत्- — तुम्हारे
पाद- — चरण
पंकज- — कमलों की
रजः- — धूलि के
कणजः — कणों से उत्पन्न हुआ
प्रसादः — अनुग्रह
(आसीत्) — (था)
(सभी विद्याधर गण श्रेष्ट उदयन के चरणों को प्रणाम करते थे। क्योंकि वह जगदम्बा देवी का अनन्य भक्त था)

कल्पद्रुमप्रसवकल्पितचित्रपूजा-
मुद्दीपितप्रियतमामदरक्तगीतिम्।
नित्यं भवानि ! भवतीमुपवीणयन्ति
विद्याधराः कनकशैलगुहागृहेषु ॥८॥

पदच्छेदः

कल्पद्रुम प्रसव कल्पित चित्र पूजाम्
उद्दीपित प्रियतमा मदरक्त गीतिम् ।
नित्यं भवानि ! भवतीम् उपवीणयन्ति
विद्याधराः कनक शैल गुहागृहेषु ॥८॥

भवानि ! — हे भवानी !
विद्याधराः — ज्ञानी पुरुष विद्याधर (देवता) वर्ग
(नित्य)
कल्पद्रुम-[1] — कल्पवृक्ष के
प्रसव- — फूलों से
कल्पित- — की हुई (आपकी)
चित्रपूजां — आश्चर्यजनक पूजा

१. राग द्वेष रहित, सुख दुःख में समान रह कर विषय— (शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध) रूप फूलों से पूजा करते हैं ।

	वाली तथा	कनक शैल-[1]	— सुमेरु पर्वत की
उद्दीपित-	— चमकाये हुए	गुहा-	— गुफा रूपी
प्रियतमा-	— अत्यन्त प्रिय	गृहेषु	— घरों में
मद-	— मस्ती के	नित्यं	— निरन्तर
रक्त-	— राग से भरे हुए विमर्श युक्त	उपवीणयन्ति	— सूक्ष्म वीणा पर गायन करते हैं (आपका विमर्श करते हैं।)
गीतिम्	— गीतों वाली		
भवतीं	— आपका [वे विद्या-धर]		

लक्ष्मीवशीकरणकर्मणि कामिनीना-
माऽऽकर्षणव्यतिकरेषु च सिद्धमन्त्रः।
नीरन्ध्रमोहतिमिरच्छिदुरप्रदीपो
देवि! त्वदऽङ्घ्रिजनितो जयति प्रसादः॥६॥

पदच्छेदः

लक्ष्मी वशीकरण कर्मणि कामिनीनाम्
आकर्षण व्यतिकरेषु च सिद्धमन्त्रः।
निःरन्ध्रमोहतिमिर छिदुर प्रदीपः
देवि! त्वद् अङ्घ्रि जनितः जयति प्रसादः॥९॥

देवि!	— हे देवी!	कर्मणि	— काम में (तथा)
लक्ष्मी-[2]	— लक्ष्मी को	कामिनीनां[3]	— सुन्दर शक्तियों को
वशीकरण-	— वश करने के	आकर्षण	— अपने ओर खेंचने के

---

१. शरीर रूपी सुमेरु पर्वत में इन्द्रिय रूपी गुफायें हैं।
२. मोक्षलक्ष्मी, भक्तिलक्ष्मी, विजयलक्ष्मी, आदि
३. सर्वज्ञता, सर्वकर्तृता, पूर्णता, व्यापकता और नित्यता रूप।

व्यतिकरेषु	— उद्योग के काम में	छिदुर-	— नाश करने के लिए
सिद्धमन्त्रः	— न चूकने वाले मन्त्र रूप	प्रदीपः	— दीपक रूप
		त्वद्-	— तुम्हारे
च	— और	अंघ्रि-	— चरणों से
नीरन्ध्र-	— बहुत ही घने	जनितो	— उपजा हुआ
मोह-	— मोह रूपी (आणव मल)	प्रसादः	— अनुग्रह
		जयति	— जय शील है।
तिमिर-	— अन्धेरे को		

देवी के चरणों का अनुग्रह प्राप्त करने से भोग तथा मोक्ष लक्ष्मी अवश्य प्राप्त होती है। अलौकिक शक्तियों को वश करने में यह अचूक मंत्र जैसा काम देता है और सांसारिक मोह रूपी अंधेरे से बचने के लिए ज्ञान प्रकाश देकर दीपक का काम देता है।

देवि ! त्वदऽङ्घ्रिनरवरत्नभुवो मयूरवाः
प्रत्यग्रमौक्तिकरुचो मुदमुद्वहन्ति।
सेवानतिव्यतिकरे सुरसुन्दरीणां
सीमन्तसीम्नि कुसुमस्तवकायितं यैः॥१०॥

पदच्छेदः

देवि ! त्वत् अङ्घ्रि नरव रत्नभुवः मयूरवाः
प्रत्यग्र मौक्तिकरुचः मुदम् उद्वहन्ति।
सेवा नति व्यतिकरे सुरसुन्दरीणाम्
सीमन्त सीम्नि कुसुमस्तवकायितं यैः॥१०॥

देवि !	— हे देवी !	नरवरत्न-	— नाखुन रूपी रत्नों से
त्वत्-	— तुम्हारे	भुवो	— उत्पन्न हुई
अंघ्रि-	— चरणों के	मयूरवाः	— किरणें

प्रत्यग्र — नित्य नवीन
मौक्तिक- — मोतियों का
रुचो — दीप्ति वाले (परम)
मुदम् — हर्ष को
उद्वहन्ति — धारण करती हैं
यैः — जिन (किरणों) ने
सुरसुन्दरीणाम् देवस्त्रियों की
सीमन्त- — मांग[1] के
सीम्नि — स्थान को

सेवा- — सेवा (अभ्यास)
नति- — और प्रणाम (भक्ति) के
व्यतिकरे — मेल से और समावेश के
कुसुम- — फूलों के
स्तवक- — गुच्छे की तरह [सुन्दर]
आयितम् — रचाया है।

मूर्ध्नि स्फुरत्तुहिनदीधितिदीप्तिदीप्तं
मध्ये ललाटममरायुधरश्मिचित्रम्।
हृच्चक्रचुम्बि हुतभुक्कणिकानुरूपं
ज्योतिर्यदेतदिदमम्ब! तव स्वरूपम्॥११॥

पदच्छेदः

मूर्ध्नि स्फुरत् तुहिन दीधिति दीप्ति दीप्तं
मध्ये ललाटम् अमर आयुध रश्मि चित्रम्।
हृत् चक्र चुम्बि हुतभुक् कणिका अनुरूपं
ज्योतिः यत् एतत् इदम् अम्ब! तव स्वरूपम्॥११॥

अम्ब! — हे माता!
मूर्ध्नि — सिर पर
स्फुरत्- — चमकते हुये

तुहिन- दीधिति- — शीतल किरणों युक्त [चन्द्रमा] के

---

१. मांग–सिर के बालों की बीज वाली रेखा जिसको कश्मीरी में 'सुम' कहते हैं।

तुलना कीजिए—ऐंद्रस्येव ....

दीप्ति-	— प्रकाश से		एक रूप
दीप्तं	— चमकता हुआ,	हुतभुक्-	— अग्नि के
ललाटं	— माथे के	कणिका-	— कण के
मध्ये	— बीच में	अनुरूपं	— सदृश
अमरायुध-	— इन्द्रधनुष्य की	यत्	— जो
रश्मि-	— किरणों के समान	एतत्	— यह
चित्रं	— विचित्रता वाला	ज्योतिः	— प्रकाश है
	[रंगारंग] तथा	इदम्	— यह
	प्रकाशविमर्श युक्त	तव	— तुम्हारा ही
हृच्चक्र-	— हृदय चक्र को	स्वरूपम्	— स्वरूप है।
चुम्बि-	— स्पर्श करने वाले		

रूपं तव स्फुरितचन्द्रमरीचिगौर-
माऽलोकते शिरसि वागधिदैवतं यः।
निःसीमसूक्तिरचनामृतनिर्भरस्य
तस्य प्रसादमधुराः प्रसरन्ति वाचः ॥१२॥

पदच्छेदः

रूपं तव स्फुरित चन्द्र मरीचि गौरम्
आलोकते शिरसि वाक् अधिदैवतं यः।
निःसीम सु उक्ति रचना अमृत निर्भरस्य
तस्य प्रसाद मधुराः प्रसरन्ति वाचः ॥१२॥

यः	— जो भक्त	गौरं	— सफेद (निर्मल)
तव	— तुम्हारे	वाक्	— वाणी के
स्फुरित	— विकसित (परिपूर्ण)	अधिदैवतं	— अधिष्ठाता रूप
चन्द्रमरीचि	— चन्द्र किरणों जैसे	रूपं	— स्वरूप को

शिरसि — द्वादशान्त में
आलोकते — देखे (ध्यान से एकाग्र होकर साक्षात्कार करे)
निःसीम — सीमा रहित
सूक्ति — सुन्दर वाणियों की
रचना — रचना रूपी

अमृत — अमृत से
निर्भरस्य — परिपूर्ण
तस्य — उस (भक्त) की
प्रसाद — तुम्हारे अनुग्रह से
मधुराः — मीठी (परमार्थपूर्ण)
वाचः — वाणियां
प्रसरन्ति — निकलती हैं।

सिन्दूरपांसुपटलच्छुरितामिव द्यां
त्वत्तेजसा जतुरसस्नपितामिवोर्वीम्।
यः पश्यति क्षणमपि त्रिपुरे! विहाय
व्रीडां मृडानि! सुदृशस्तमनुद्रवन्ति॥१३॥

पदच्छेदः

सिन्दूर पांसु पटल छुरितां इव द्यां
त्वत् तेजसा जतु रस स्नपितां इव उर्वीम्।
यः पश्यति क्षणम् अपि त्रिपुरे! विहाय
व्रीडां मृडानि! सुदृशः तम् अनुद्रवन्ति॥१३॥

त्रिपुरे! — हे त्रिपुरा देवी! [भूर्भुवः स्वः तीनों लोकों तथा स्थूल, सूक्ष्म, कारण तीनों शरीरों में व्यापिनी चिच्छक्ति]
यः — जो भक्त
त्वत् तेजसा — तुम्हारे तेज से,

द्यां — आकाश को (द्वादशान्त शक्ति को)
सिन्दूर- — सिन्दूर की
पांसु- — सूक्ष्म धूलि के
पटल- — समूह से (ज्ञानशक्ति)
छुरितां — रंगा हुआ [आच्छादित]
इव — जैसा, तथा

उर्वी — पृथ्वी को (हृदय)
जतुरस — महावर[1] के रस में (क्रिया शक्ति से)
स्नपितां — धुली हुई (उस रस में डूबी हुई)
इव — जैसी
क्षणमपि — एक क्षण मात्र भी
पश्यति — देखे (साक्षात्कार करे)
मृडानि ! — हे देवि !

सुदृशः — सुन्दर नेत्रों वाली (उत्तम शक्तियां)
व्रीडां — लज्जा को
विहाय — छोडकर (अर्थात् विवश होकर)
तम् — उस (भक्त) के
अनुद्रवन्ति — पीछे दौडती है । (उसके वश में हो जाती हैं)

मातर्मुहूर्तमपि यः स्मरति स्वरूपं
लाक्षारसप्रसरतन्तुनिभं भवत्याः।
ध्यायन्त्यनन्यमनसस्तमनङ्गतप्ताः
प्रद्युम्नसीम्नि सुभगत्वगुणं तरुण्यः॥१४॥

पदच्छेदः

मातः ! मुहूर्तम् अपि यः स्मरति स्वरूपं
लाक्षारस प्रसर तन्तुनिभं भवत्याः ।
ध्यायन्ति अनन्यमनसः तं अनङ्ग तप्ताः
प्रद्युम्न सीम्नि सुभगत्वगुणं तरुण्यः ॥१४॥

मातः ! — हे माता !
यः — जो (भक्त)
लाक्षा- — लाख के

रस- — रस से
प्रसर- — निकली हुई
तन्तु- — सूक्ष्मतार के

---

१. महावर—जिसे कश्मीरी में 'अलुत' कहते हैं ।

निभं	— समान	तरुण्यः	— उत्तम शक्तियां
भवत्याः	— आपके	अनन्य-	— एकाग्र
स्वरूपं	— स्वरूप का	मनसः	— मन करके (अर्थात् उस भक्त की ओर लगाये हुए मन से)
मुहूर्तं	— एक क्षणमात्र		
अपि	— भी		
स्मरति	— विमर्श करें,	प्रद्युम्न-	— कामदेव के
सुभगत्व-	— सुन्दर	सौम्नि	— स्थान पर (अर्थात् उसी को काम देव मानकर)
गुणं	— गुणों वाले		
तं	— उस (भक्त) का		
अनंग-	— कामदेव से	ध्यायन्ति	— उसका ध्यान करती हैं।
तप्ताः	— पीडित		

योऽयं चकास्ति गगनार्णवरत्नमिन्दु-
र्योऽयं सुराऽसुरगुरुः पुरुषः पुराणः।
यद्वाममर्धमिदमऽन्धकसूदनस्य
देवि ! त्वमेव तदिति प्रतिपादयन्ति ॥१५॥

पदच्छेदः

यः अयं चकास्ति गगन अर्णव रत्नं इन्दुः
यः अयं सुर असुर गुरुः पुरुषः पुराणः ।
यत् वामं अर्धं इदं अन्धकसूदनस्य
देवि ! त्वम् एव तत् इति प्रतिपादयन्ति ॥१५॥

देवि !	— हे देवी !		रूपी
यो	— जो	अर्णव-	— समुद्र का
अयं	— यह	रत्नम्	— रत्न
गगन-	— (चित्) आकाश	इन्दुः	— चन्द्रमा

चकास्ति,	— चमकता है,	सूदनस्य	— मारने वाले (शिव) का
यो	— (और) जो		
अयं	— यह	इदं	— यह
सुर-	— देवताओं	वामम्	— बायां
असुर-	— तथा राक्षसों का	अर्धं	— (शरीर का) आधा भाग है,
गुरुः	— गुरु		
पुराणः	— आदिसिद्ध	तत्	— यह (सभी कुछ)
पुरुषः	— पुरुष है,	त्वम् एव	— तुम ही हो
यत्	— तथा जो	इति	— इस बात को
अन्धक-	— कामदेव के	प्रतिपादयन्ति	— सिद्ध करते हैं।

इच्छानुरूपमऽनुरूपगुणप्रकर्षं
सङ्कर्षणि! त्वमनुसृत्य यदा बिभर्षि।
जायेत स त्रिभुवनैक गुरुस्तदानीं
देवः शिवोऽपि भुवनत्रयसूत्रधारः॥१६॥

पदच्छेदः

इच्छा अनुरूपं अनुरूप गुण प्रकर्ष
सङ्कर्षणि ! त्वम् अनुसृत्य यदा बिभर्षि ।
जायेत स त्रिभुवन एक गुरुः तदानीम्
देवः शिवः अपि भुवन त्रयसूत्रधारः ॥१६॥

संकर्षणि !	— हे आकर्षण कारिणी !	अनुरूपं	— { स्वतन्त्र इच्छा
		अनुसृत्य	के अनुसार
त्वम्	— आप	अनुरूप-	{
यदा	— जब	गुण-	— योग्य गुणों के
इच्छा-	{	प्रकर्ष	— उत्कर्ष को

विभर्षि	— धारण करती हो	एक-	— अद्वितीय
तदानीं	— तब ही	गुरुः	— पिता (तथा)
स	— वह	भुवनत्रय-	— तीनों भुवन रूपी (नाटक का)
देवः	— (क्रीडनशील) देवता	सूत्रधारः	— सूत्र धार
शिवः	— शिव	जायेत	— बनता है।
अपि	— भी		
त्रिभुवन-	— तीनों भुवनों का		

रुद्राणि ! विद्रुममयीं प्रतिमामिव त्वां
ये चिन्तयन्त्यरुणकान्तिमऽनन्यरूपाम्।
तानेत्य पद्मलदृशः प्रसभं भजन्ते
कण्ठावसक्तमृदुबाहुलतास्तरुण्यः ॥१७॥

पदच्छेदः

रुद्राणि ! विद्रुममयीं प्रतिमां इव त्वां
ये चिन्तयन्ति अरुण कान्तिम् अनन्यरूपाम्
तान् एत्य पक्ष्मलदृशः प्रसभं भजन्ते
कण्ठ अवसक्त मृदुबाहु लताः तरुण्यः ॥१७॥

रुद्राणि !	— हे रुद्र की रोदन, द्रावण (सृष्टि, संहार) करने वाली शक्ति !	कान्तिम्	— दीप्ति वाली
		अनन्य-	— अनुपम (अलौकिक)
		रूपाम्	— रूप वाली
		विद्रुममयीं	— रुद्राक्षमालाधारिणी
ये	— जो भक्त	प्रतिमां इव	जैसी मूर्ति का
त्वां	— आपको		
अरुण-	— प्रातः काल के सूर्य की (तरह लाल)	चिन्तयन्ति	— विमर्श करते हैं,
		पक्ष्मलदृशः	— सुन्दर नेत्रों वाली

कण्ठ	— (उन भक्तों के) गले में	तान्	— उनके
अवसक्त	— डाली हुई	एत्य	— पास जाकर
मृदु	— कोमल	प्रसभं	— बलपूर्वक (हठपूर्वक)
बाहुलताः	— लता जैसी कोमल बाहुओं वाली	भजन्ते	— (उनका) सेवन करती हैं। (उनके आधीन रहती है)
तरुण्यः	— युवतियां (शक्तियां)		

सुन्दर नेत्रों वाली युवतियां हठ से उनके पास जाकर उन को भजती है (धारण करती है) और उनके गले में अपनी कोमल बाजुओं को डालती है। अर्थात् नाना प्रकार की मनमोहनी सिद्धियां बिना आयास के उनको प्राप्त होती हैं।

त्वद्रूपमुल्लसितदाडिमपुष्परक्त-
मुद्भावयेन्मदनदैवतमक्षरं यः।
तं रूपहीनमपि मन्मथनिर्विशेष-
मालोकयन्त्युरुनितम्बभरास्तरुण्यः॥१८॥

पदच्छेदः

त्वत् रूपं उल्लसित दाडिम पुष्प रक्तम्
उद्भावयेत् मदनदैवतम् अक्षरं यः।
तं रूपहीनम् अपि मन्मथनिर्विशेषम्
आलोकयन्ति उरुनितम्ब भराः तरुण्यः॥१८॥

यः	— जो [भक्त]	पुष्प-	— फूल [के सदृश]
उल्लसित-	— खिले हुए	रक्तम्	— लाल वर्ण [क्लीं बीजाक्षर को]
दाडिम-	— अनार के		

अक्षरं	— अविनाशी	उरुनितम्बभराः	भारी वक्षः स्थलों वाली [ज्ञान क्रिया शक्ति युक्त]
त्वत्	— तुम्हारे	तरुण्यः	— युवतियां [शक्तियां]
रूप	— स्वरूप को	मन्मथ-निर्विशेषं	— कामदेव के समान
मदनदैवतं	— कामदेव की जैसी	आलोकयन्ति	— देखती हैं। (मानती है)
उद्भावयेत्	— भावना करे		
तम्	— उस [भक्त] को		
रूपहीनम् अपि	— यदि वह कुरूप भी हो		

सभी शक्तियां उस भक्त के अधीन रहती हैं। उसी पुरुष को कामदेव मानती हैं।

ध्याताऽसि हैमवति ! येन हिमांशुरश्मि-
मालाऽमलद्युतिरऽकल्मषमानसेन।
तस्याऽविलम्बमऽनवद्यमऽनल्पकल्प-
मल्पैर्दिनैः सृजसि सुन्दरि ! वाग्विलासम् ॥१९॥

पदच्छेदः

ध्याता असि हैमवति ! येन हिमअंशु रश्मि
माला अमल द्युतिः अकल्मष मानसेन।
तस्य अविलम्बम् अनवद्यम् अनल्प कल्पम्
अल्पैः दिनैः सृजसि सुन्दरि ! वाक् विलासम् । १९॥

हैमवति !	— हे हिमालय की पुत्री ! बर्फ जैसी निर्मल !		[एकाग्र चित्त होकर]
येन	— जिस	हिमांशु-	— चन्द्रमा की
अकल्मष-	— निर्मल	रश्मि-	— किरणों के
मानसेन	— मन वाले भक्त ने	माला-	— समूह जैसी
		अमल-	— निर्मल

द्युतिः	— दीप्ति, पूर्ण का	अनवद्यं	— दोष रहित प्रकार से
ध्याता	— तुम्हारा ध्यान [विमर्श]	अनल्पकल्पं	— अनन्त
		वाग्	— वाणियों का
असि	— किया हो	विलासम्	— विकास
सुन्दरि !	— हे सुन्दर शक्तियों से शोभायमान देवी !	अल्पैः	— थोडे ही
		दिनैः	— दिनों में
तस्य	— उस [भक्त] का (तुम)	सृजसि	— उत्पन्न करती हो। (उसकी वाणियां विकसित होती हैं)
अविलम्बं	— शीघ्र ही (तत्क्षणात्)		

आधारमारुतनिरोधवशेन येषां
सिन्दूररंजितसरोजगुणानुकारि।
तीव्रं हृदि स्फुरति देवि ! वपुस्त्वदीयं
ध्यायन्ति तानिह समीहितसिद्धसाध्याः॥२०॥

पदच्छेदः

आधार मारुत निरोध वशेन येषां
सिन्दूर रञ्जित सरोज गुण अनुकारि।
तीव्रं हृदि स्फुरति देवि ! वपुः त्वदीयं
ध्यायन्ति तान् इह समीहित सिद्ध साध्याः ॥२०॥

देवि !	— हे चित्स्वरूपिणी जगत को चमकाने वाली !	निरोध-वशेन	— रोकने के (वश करने के) कारण
येषां	— जिन (भक्तों) के	सिन्दूर-	— सिन्दूर से
हृदि	— हृदय में	रंजित-	— रंगे हुए
आधार-	— मूलाधार के	सरोज-	— कमल के
मारुत-	— वायु के	गुण-	— सूक्ष्म तार
		अनुकारि	— जैसा

त्वदीयं	— तुम्हारा	समीहित-	— चाहे हुए (अभिलषित)
तीव्रं	— दीप्तिमान (शीघ्र)	सिद्ध	— सिद्धदेव (और)
बपुः	— स्वरूप	साध्याः	— साध्य देव
स्फुरति	— प्रकट हो जाता हैं	ध्यायन्ति	— ध्यान करते हैं। उसी भक्त को अपना इष्ट देव मानते हैं।
तान्	— उन (भक्तों) को		
इह	— इस संसार में		

त्वामैन्दवीमिव कलामनुभालदेश-
मुद्भासिताम्बरतलामऽवलोकयन्तः।
सद्यो भवानि! सुधियः कवयो भवन्ति
त्वं भावनाहितधियां कुल कामधेनुः॥२१॥

पदच्छेदः

त्वाम् ऐन्दवीम् इव कलाम् अनुभालदेशम्
उद्भासित अम्बरतलाम् अवलोकयन्तः।
सद्यः भवानि ! सुधियः कवयः भवन्ति
त्वम् भावना आहितधियां कुलकामधनुः। २१॥

भवानि !	— हे शंकर की व्यापक शक्ति !		(समान विस्तृत) वाली को
त्वां	— (जो) तुझे	अवलोकयन्तः	— प्रत्यक्ष विमर्श करते हुए
ऐन्दवीम्	— चन्द्रमा की		
कलाम्	— (अमा) कला के	सुधियः	— ज्ञानी बुद्धिमान जन
इव	— समान	सद्यः	— शीघ्र ही
अनुभाल-	— माथे की	कवयः	— सर्वज्ञ
देशम्	— जगह पर	भवन्ति	— बन जाते हैं
उद्भासित-	— चमकाये हुए	त्वं	— आप
अम्बरतलाम्	— (चित्) आकाशतल	भावना-	— श्रद्धा

आहित-	— धारण किए हुए	कामधेनुः	— कामनाओं की पूर्णा करने वाली हो।
धियां	— बुद्धिवालों की		
कुल-	— सभी		

त्वां व्यापिनीति समना इति कुण्डलीति
त्वां कामिनीति कमलेति कलावतीति।
त्वां मालिनीति ललितेत्यपराजितेति
देवि! स्तुवन्ति विजयेति जयेत्युमेति ॥२२॥

पदच्छेदः

त्वां व्यापिनी इति समना इति कुण्डली इति
त्वां कामिनी इति कमला इति कलावती इति।
त्वां मालिनी इति ललिता इति अपराजिता इति
देवि ! स्तुवन्ति विजया इति जया इति उमा इति ॥२२॥

देवि !	— हे देवि ! भक्त जन	त्वाम्	— आपको
त्वां	— आपको	कामिनी	— इच्छा शक्ति रूपा
व्यापिनी	— सब में व्यापक	इति	— ऐसे
इति	— ऐसे	कलावती	— अकार से क्षकार तक वर्णरूपी कलाओं से युक्त
समना	— निर्मल चित् रूप अन्तःकरणों वाली (ओं की ग्यारवीं मात्रा)	इति	— ऐसे
		कमला	— कमल रूप संकोच विकासमयी
इति	— ऐसे		
कुण्डली	— कुण्डलिनी शक्ति रूपा	इति	— ऐसे
		त्वाम्	— आपको
इति	— ऐसे	मालिनी	— वर्णमाला रूपिणी

इति	— ऐसे		वाली
ललिता	— सुन्दर	इति	— ऐसे
इति	— ऐसे	जया	— जय देने वाली,
अपराजिता	— न किसी से परास्त हुई (सब से उत्कृष्ट)	इति	— इन इन नामों से
		उमा इति	— उमा ऐसे
इति	— ऐसे	स्तुवन्ति	— आपकी स्तुति करते हैं।
विजया	— सब पर जय पाने		

ये चिन्तयन्त्यरुणमण्डलमध्यवर्ति
रूपं तवाम्ब ! नवयावकपङ्कपिङ्गम्।
तेषां सदैव कुसमायुधबाणभिन्न-
वक्षःस्थला मृगदृशो वशगा भवन्ति ॥२३॥

पदच्छेदः

ये चिन्तयन्ति अरुण मण्डल मध्यवर्ति
रूपं तव अम्ब ! नव यावक पङ्क पिङ्गम्।
तेषां सदा एव कुसुम आयुध बाण भिन्न-
वक्षः स्थलाः मृगदृशः वशगाः भवन्ति ॥२३॥

अम्ब !	— हे माता !	रूपं	— स्वरूप का
ये	— जो (भक्त)	चिन्तयन्ति	— चिन्तन [विमर्श] करते हैं
अरुण-	— सूर्य		
मण्डल	— मण्डल के	तेषां	— उन [भक्तों] को
मध्यवर्ति	— बीच रहने वाले और	कुसुमायुध-	— कामदेव के
नव	— नवीन	बाण-	— बाणों से
यावकपंक-	— गारे के समान महावर	भिन्न-	— छलनी बने हुए
पिंगम्	— जैसे लाल	वक्षःस्थलाः	— छाती वाली (हृदय वाली] और
तव	— तुम्हारे		

मृगदृशः	— सुन्दर नेत्रों वाली [उत्तम शक्तियां]	वशगा	— वश
		भवन्ति	— हो जाती हैं।
सदैव	— नित्य ही		

उत्तप्तहेमरुचिरे त्रिपुरे! पुनीहि
चेतश्चिरन्तनमघौघवनं लुनीहि।
कारागृहे निगडबन्धनपीडितस्य
त्वत्संस्मृतौ झटिति मे निगडास्त्रुटन्तु॥२४॥

पदच्छेदः

उत्तप्त हेम रुचिरे त्रिपुरे! पुनीहि
चेतः चिरन्तनम् अघओघ वनं लुनीहि।
कारागृहे निगडबन्धन पीडितस्य
त्वत् संस्मृतौ झटिति मे निगडाः त्रुटन्तु ॥२४।

उत्तप्त-	— हे आग में तपाये हुए	(मे) चेतः	— मेरे मन में स्थित
हेम-	— [निर्मल] सोने के समान	चिरन्तनम्	— अनन्त जन्मों के
		अघौघ	— पापों के घने
रुचिरे	— दीप्ति वाली!	वनं	— जंगल को
त्रिपुरे![1]	— हे त्रिपुरा!	लुनीहि[3]	— काटो
(मे) पुनीहि[2]	— [मुझ को] पवित्र बना	करागृहे	— [शरीर रूपी] जेल खाने में

---

१. जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाओं में परिपूर्ण भाव से व्यापिनी अर्थात् शिव की अभिन्न शक्ति।

२. देहाभिमान दूर करके मेरा आणव मल विनष्ट कर।

३. भेद रूपी मेरा माया मल समाप्त कर।

निगड- — बेडियों[1] के
बन्धन — बन्धनों से
पीडितस्य — पीडित हुए
मे — मुझे
त्वत् — आपकी
संस्मृतौ — स्मृति करते ही
[स्वरूप का विमर्श करते ही]
झटिति — तत्क्षणात्
निगडाः — बन्धन
त्रुटन्तु[2] — टूट जायें [मैं मुक्त हो जाऊँ।]

शर्वाणि! सर्वजनवन्दितपादपद्मे!
पद्मच्छदच्छविविडम्बितनेत्रलक्ष्मि!।
निष्पापमूर्तिजनमानसराजहंसि!
हंसि त्वमापदमऽनेकविधां जनस्य ॥२५॥

पदच्छेदः

शर्वाणि! सर्वजन वन्दित पाद पद्मे!
पद्म छद छवि विडम्बित नेत्र लक्ष्मि!
निष्पाप मूर्ति जन मानस राजहंसि!
हंसि त्वम् आपदम् अनेक विधां जनस्य ॥२५॥

शर्वाणि! — हे संहार कारिणी! शिव की शक्तिः
सर्वजन- — हे सब लोगों से
वन्दित- — प्रणाम किये गये
पादपद्मे! — चरण कमलों वाली
पद्मच्छद- — कमल पत्रों की
छवि- — शोभा के तुल्य
विडम्बित- — एक समान बने हुए
नेत्रलक्ष्मि! — नेत्रों की शोभा वाली!
निष्पापमूर्ति- पाप रहित [पवित्र एव निर्मल अन्तः

---

१. अभिलाष रूपी बेडियां।

२. पुण्य पाप रूप कर्मों से संपन्न शरीर का कारण अथवा कार्म मल दूर कर।

	करणों वाले]	त्वम्	— आप
जन-	— भक्त जनों के	जनस्य	— शरणागत भक्तों की
मानस-	— मन रूपी मानसरोवर की	अनेकविधां	— हर प्रकार की
		आपदं	— आपदाओं को
राजहंसि	— हे राज हंसिनी ! हे देवी !	हंसि	— नष्ट करती हो।

त्वत्पादपङ्कजरजः प्रणिपातपूतैः
पुण्यैरनल्पमतिभिः कृतिभिः कवीन्द्रैः।
क्षीरक्षपाकरदुकूलहिमावदाता
कैरप्यवापि भुवनत्रितयेऽपि कीर्तिः॥२६॥

पदच्छेदः

त्वत् पाद पङ्कजरजः प्रणिपात पूतैः
पुण्यैः अनल्प मतिभिः कृतिभिः कविइन्द्रैः।
क्षीर क्षपाकर दुकूल हिम अवदाता
कैः अपि अवापि भुवन त्रितये अपि कीर्तिः ॥२६॥

त्वत्-	— तुम्हारे	मतिभिः	— बुद्धि वाले
पाद-	— चरण	कृतिभिः	— कृतकृत्य
पंकज-	— कमलों की	कैरपि	— कुछ विरले ही [भक्तों]
रजः	— धूलि को		
प्रणिपात-	— प्रणाम करने से	कवीन्द्रैः	— महान कवियों ने
पूतैः	— पवित्र	भुवन-	— तीनों ही भुवनों
पुण्यैः	— पुण्यशील बने हुए [अंतः करणों वाले]	त्रितयेऽपि	(भूः भवः स्वः)में
		क्षीर-	— दूध
अनल्प-	— बडी	क्षपाकर-	— चन्द्रमा

दुकूल-	— रेशम [और]	कीर्तिः	— यश
हिम-	— बर्फ [जैसा]	अवापि	— प्राप्त किया।
अवदाता	— निर्मल		

त्वद्रूपैकनिरूपणप्रणयिताबन्धो दृशोस्त्वद्गुण-
ग्रामाकर्णनरागिता श्रवणयोस्त्वत्संस्मृतिश्चेतसि।
त्वत्पादार्चनचातुरी करयुगे त्वत्कीर्तनं वाचि मे
कुत्रापि त्वदुपासनव्यसनिता मे देवि! मा शाम्यतु॥२७॥

पदच्छेदः

त्वत् रूप एक निरूपण प्रणयिता बन्धः दृशोः त्वत् गुण-
ग्राम आकर्णन रागिता श्रवणयोः त्वत् संस्मृतिः चेतसि।
त्वत् पाद अर्चन चातुरी करयुगे त्वत् कीर्तनं वाचि मे
कुत्र अपि त्वत् उपासन व्यसनिता मे देवि! मा शाम्यतु॥२७॥

देवि!	— हे देवी!	ग्राम-	— समूह के (अनन्त)
मे	— मेरे	आकर्णन-	— सुनने का
दृशोः	— नेत्रों में	रागिता	— राग (हो),
त्वत्-	— तुम्हारे	(मे) चेतसि	— (मेरे) मन में
रूप-	— स्वरूप की	तवत्-	— तुम्हारा
एक-	— एकता के	संस्मृतिः	— बार बार स्मरण (हो),
निरूपण-	— साक्षात्कार करने के		
प्रणयिता	— प्रेमभाव का निरन्तर	(मे) करयुगे	— (मेरे) दोनों हाथों में
बन्धः	— लगाव (रहे)	त्वत्-	— तुम्हारे
(मे)श्रवणयोः	— (मेरे) कानों में	पाद-	— चरणों की
त्वत्-	— तुम्हारे	अर्चन-	— पूजा की
गुण-	— गुणों के	चातुरी	– चतुरता (हो),

मे वाचि	- मेरी वाणी में	मे	— मुझे
त्वत्-	— तुम्हारा	त्वत्-	— तुम्हारी
कीर्तनं	— गुणगान (हो)	उपासन-	— उपासना करने की
कुत्र	— (किसी देश, काल या अवस्था में) किसी भी दूसरे इन्द्रिय में	व्यसनिता	— लगन
		मा	— मत
		शाम्यतु	— कम हो जाय।
अपि	— भी		

उद्दामकामपरमार्थसरोजषण्ड-
चण्डद्युतिद्युतिमुपासितषट्प्रकाराम्।
मोहद्विपेन्द्रकदनोद्यतबोधसिंह-
लीलागुहां भगवतीं त्रिपुरां नमामि ॥२८॥

पदच्छेदः

उद्दाम काम परमार्थ सरोज षण्ड-
चण्ड द्युति द्युतिम् उपासित षट् प्रकाराम्।
मोह द्विप इन्द्र कदन उद्यत बोध सिंह-
लीला गुहां भगवतीं त्रिपुरां नमामि ॥२८॥

अहं	— मैं		[देवी को]
उद्दाम-	— (उत्कृष्ट) बड़ी	उपासित-	— [1]उपासना की हुई
काम-	— इच्छा शक्ति के	षट्प्रकाराम्	— [2]छः प्रकार से [पांच ज्ञानेन्द्रिय और मन द्वारा]
परमार्थ-	— परमार्थ रूपी		
सरोज-	— कमल		
षण्ड-	— समूह को (विकसित) करने के लिए	मोह-	— तथा मोह (अज्ञान) रूपी
चण्डद्युति-	— सूर्य की जैसी	द्विपेन्द्र-	— हाथी को
द्युतिम्	— दीप्ति [तेज] वाली,	कदन-	— मारने के लिए

उद्यत-	— तयार,	(मैं)प्रणाम करताहूं।
बोध-	— ज्ञान रूपी	देह, प्राण, इन्द्रिय
सिंह-	— शेर की	आदि समेत उसी
लीलागुहां	— क्रीडा स्थान	चिच्छक्ति में लय हो
भगवतीं	— भगवती	जाता हूं
त्रिपुरां	— त्रिपुरा को	

गणेशवटुकस्तुता रतिसहायकामान्विता
स्मरारिवरविष्टरा कुसुमबाणबाणैर्युता।
अनङ्गकुसुमादिभिः परिवृता च सिद्धैस्त्रिभिः
कदम्बवनमध्यगा त्रिपुरसुन्दरी पातु नः॥२६॥

पदच्छेदः

गणेश वटुक स्तुता रति सहाय काम अन्विता
स्मर अरि वर विष्टरा कुसुम बाण बाणैः युता।
अनङ्ग कुसुम आदिभिः परिवृता च सिद्धैः त्रिभिः
कदम्ब वनमध्यगा त्रिपुर सुन्दरी पातु नः॥२९॥

गणेश-	— गणेश (प्राण)	स्मरारि-	— शिव (जैसा)
वटुक-	— (और) भैरव (अपान) से	वर-	— उत्तम
		विष्टरा	— आसन वाली,
स्तुता	— स्तुति की हुई, (अभ्यास की हुई)	कुसुमबाण-	— कामदेव के
		बाणैः	— बाणों
रति-	— रति (बुद्धि)	युता	— युक्त [अर्थात् मन की तेज़ और चंचल वृत्तियों युक्त]
सहाय-	— सहित		
कामान्विता	— कामदेव (मन) के सम्बन्ध वाली,	अनङ्ग-	— कामदेव के

कुसुमादिभिः— फूलों इत्यादि से [अर्थात् मन की वृत्तियों से]
च — और
सिद्धैस्त्रिभिः — तीन सिद्धों (ब्रह्मा, विष्णु, महेश, अथवा समान, उदान, व्यान] से
परिवृता — परिवारित[1] की हुई

कदम्बवन- - कदम्बवन के [अर्थात् माया रूपी के भेद]
मध्यगा बीच में गई हुई (व्यापक)
त्रिपुरसुन्दरी— त्रिपुरसुन्दरी भगवती (चिति शक्ति)
नः — हमें
पातु — पालन करे। (अपने अभेद स्वरूप में समाविष्ट करे)

यः स्तोत्रमेतदनुवासरमीश्वरायाः
श्रेयस्करं पठति वा यदि वा शृणोति।
तस्येप्सितं फलति राजभिरीड्यतेऽसौ
जायेत स प्रियतमो हरिणेक्षणानाम् ॥३०॥

पदच्छेदः

यः स्तोत्रम् एतत् अनुवासरम् ईश्वरायाः
श्रेयः करं पठति वा यदि वा शृणोति।
तस्य ईप्सितं फलति राजभिः ईड्यते असौ
जायेत स प्रियतमः हरिण ईक्षणानाम् ॥३०॥

यः — जो (भक्त)
ईश्वरायाः — भगवती (ऐश्वर्य-शालिनी) के
एतत् — इस

श्रेयस्करं — कल्याणकारी (भोग तथा मोक्ष देने वाले)
स्तोत्रं — स्तोत्र को
अनुवासरं — प्रतिदिन (निरन्तर)

१. परिवारित—परिवार है जिस का

पठति वा	— पढता है, (विमर्श सहित)	ईड्यते	— पूजा जाता है,
यदि वा	— या यदि	स	— (और) वह
शृणोति	— सुनता है	हरिण-	— हिरण की जैसी
तस्य	— उसके	ईक्षणानाम्	— आंखों वाली (सुन्दर और चंचल शक्तियों) का
ईप्सितं	— कांक्षित (मनोरथ) (भोग और मोक्ष)	प्रियतमो	— अत्यन्त प्यारा
फलति,	— सिद्ध हो जाते हैं	जायेत	— बनता है। शक्ति चक्र का चक्रेश्वर बन जाता है
असौ	— वह		
राजभिः	— राजाओं से		

ब्रह्मेन्द्ररुद्रहरिचन्द्रसहस्ररश्मि-
स्कन्दद्विपाननहुताशनवन्दितायै।
वागीश्वरि! त्रिभुवनेश्वरि! विश्वमात-
रन्तर्बहिश्च कृतसंस्थितये नमस्ते॥३१॥

पदच्छेदः

ब्रह्मा इन्द्र रुद्र हरि चन्द्र सहस्ररश्मि-
स्कन्द द्विप आनन हुताशन वन्दितायै।
वाक् ईश्वरि! त्रिभुवन ईश्वरि! विश्वमातः!
अन्तः बहिः च कृतसंस्थितये नमः ते॥३१॥

वाक्- ईश्वरि!	— हे परा आदि चारों वाणियों की स्वामिनी सरस्वती, परा रूपिणी!	त्रिभुवन-	— तीनों भुवनों की
		ईश्वरि!	— स्वामिनी, (परा)
		विश्वमातः!	— जगत माता! उत्पन्न करने वाली
		ब्रह्मा-	— ब्रह्मा,

इन्द्र-	— इन्द्र,	अन्तर्	— अन्दर अन्तः-करणों)
रुद्र-	— रुद्र, (रोदन, द्रावण करने वाली)	बहिश्च	— और बाहिर (बहिष्करणों में)
हरि-	— विष्णु,	कृत-	— की हुई
चन्द्र-	— चन्द्रमा,	संस्थितये	— स्थिति वाली अर्थात् ठहरी हुई
सहस्ररश्मि	— सूर्य,	ते	— तुझ चिति भगवती को
स्कन्ध-	— कुमार,	नमः	— नमस्कार हो।
द्विपानन-	— गणेश (और)		
हुताशन-	— अग्नि से		
वन्दितायै	— प्रणाम की हुई		

इति श्री पञ्चस्तव्यां चर्चास्तवः द्वितीयः समाप्तः ॥२॥

ॐ

अथ तृतीयो घटस्तवः

ॐ नमस्त्रिपुरसुन्दर्यै ।।

देवि ! त्र्यम्बकपत्नि ! पार्वति ! सति ! त्रैलोक्यमातः ! शिवे !
शर्वाणि ! त्रिपुरे ! मृडानि ! वरदे रुद्राणि ! कात्यायिनि !।
भीमे ! भैरवि ! चण्डि ! शर्वरि ! कले ! कालक्षये शूलिनि !
त्वत्पादप्रणतानऽनन्यमनसः पर्याकुलान्पाहि नः ।।१।।

पदच्छेदः

देवि ! त्र्यम्बकपत्नि ! पार्वति ! सति ! त्रैलोक्यमातः ! शिवे !
शर्वाणि ! त्रिपुरे ! मृडानि ! वरदे ! रुद्राणि ! कात्यायिनि !।
भीमे ! भैरवि ! चण्डि ! शर्वरि ! कले ! कालक्षये ! शूलिनि !
त्वत्पादप्रणतान् अनन्यमनसः परिआकुलान् पाहि नः ।।१।।

देवि ! — हे देवी (क्रीडन शील) !
त्र्यम्बक- — हे [तीन नेत्रों वाले]
पत्नि ! — शिव की पत्नी ! [अभिन्न शक्ति]
पार्वति ! — हे पार्वती [हिमालय की बेटी] !
सति ! — हे सत्ता वाली ! सत् रूप
त्रैलोक्य- — हे तीन लोकों
मातः ! — की माता !
शिवे ! — हे कल्याण कारिणी!
शर्वाणि ! — हे शर्व अवतार की शक्ति [संहार कारिणी !]
त्रिपुरे ! — हे त्रिपुरा देवी ! [तीनों शरीरों में व्यापक]
मृडानि ! — हे शिव की शक्ति !
वरदे ! — हे [भोग तथा मोक्ष

रूप] वर देने वाली

रुद्राणि ! — हे रुद्र[1] की शक्ति !

कात्यायिनि! — लाल वस्त्र पहनने वाली

भीमे ! — हे [दुष्टों के लिए] भयानक रूपवाली !

भैरवि ! — हे भैरव [शिव की] शक्ति !

चण्डि ! — हे तेजस्वी रूप वाली

शर्वरि ! — हे शिव की शक्ति !

कले ! — हे अमा कला रूपिणी, अकार से क्षकार तक वर्ण माला रूपिणी, कला, विद्या, राग, काल, नियति रूपिणी इत्यादि

कालक्षये ! — हे काल को नाश करने वाली ! काल कलना से अतीत

शूलिनि ! — हे त्रिशूल [इच्छा, ज्ञान, क्रिया] धारिणी

त्वत्पाद- — तुम्हारे चरणों

प्रणतान् — में शरण गए हुए

अनन्यमनसः — और किसी में मन न लगाये हुए एकाग्र मन वाले

परि- — चारों ओर से

आकुलान् — [हर प्रकार] व्याकुल

नः — हम भक्तों की

पाहि — पालना कीजिये । (अपना स्वरूप प्रकट कीजिये)

उन्मत्ता इव सग्रहा इव विषव्यासक्तमूर्च्छा इव
प्राप्तप्रौढमदा इवाति विरहग्रस्ता इवार्ता इव।
ये ध्यायन्ति हि शैलराजतनयां धन्यास्त एकाग्रत-
स्त्यक्तोपाधिविवृद्धरागमनसो ध्यायन्ति वामभ्रुवः ।।२।।

पदच्छेदः

उन्मत्ताः इव सग्रहाः इव विष व्यासक्तमूर्च्छाः इव
प्राप्तप्रौढमदाः इव अतिविरहग्रस्ताः इव आर्ताः इव ।

---

१. सृष्टि संहार करने में समर्थ

ये ध्यायन्ति हि शैलराजतनयां धन्याः ते एकाग्रतः
त्यक्त उपाधि विवृद्धरागमनसः ध्यायन्ति वामभ्रु वः ॥२॥

उन्मत्ता इव — नशे में चूर जैसे,
सग्रहा इव — आविष्ट जैसे,
विष- — ज़हर
व्यासक्त- — लगने से
मूर्च्छा — मूच्छित
इव — जैसे,
प्राप्त- — प्राप्त हुए
प्रौढ- — तीव्र
मदा — नशे वाले
इव — जैसे,
अति- — बहुत ही [चिर काल से]
विरह- — [अत्यन्त प्रेमी की] विरह [की पीडा से
ग्रस्ता इव — ग्रस्त जैसे [उसी पीडा में डूबे हुए]
आर्ता इव — आर्त जैसे,[1]
ये — जो भक्त
हि — निश्चय करके
शैलराज- — हिमालय की
तनयां — पुत्री [पार्वती]
[पर्वत के समान न टलने वाले चित-स्वभाव वाली का
ध्यायन्ति — (एकाग्र होकर) ध्यान करते हैं
ते — वे भक्त
धन्याः — सौभाग्य शाली हैं
एकाग्रतः — समाहितता के कारण
त्यक्त- — छोडे हुए
उपाधि- — शरीर की व्याधि (तथा)
विवृद्ध- — बढे हुए
राग- — प्रेम भरे
मनसः — मन वाले,
(तान्) — ऐसे भक्त का
वामभ्रु वः — शिव की शक्तियां (इच्छा-ज्ञान-क्रिया)
ध्यायन्ति — ध्यान करती हैं (उस भक्त को प्राप्त होती हैं।)

देवि ! त्वां सकृदेव यः प्रणमति क्षोणीभृतस्तं नम-
न्त्याजन्मस्फुरदङ्घ्रिपीठविलुठत्कोटीरकोटिच्छटाः ।

---

१. एकाग्रता और उत्सुकता के कारण विवश जैसे

यस्त्वामर्चति सोऽर्च्यते सुरगणैर्यः स्तौति स स्तूयते
यस्त्वां ध्यायति तं स्मरार्तिविधुरा ध्यायन्ति वामभ्रु वः ।३।

पदच्छेदः

देवि ! त्वां सकृत् एव यः प्रणमति क्षोणीभृतः तं नमन्ति
आजन्मस्फुरत् अङ्घ्रिपीठविलुठत् कोटीर कोटि छटाः ।
यः त्वाम् अर्चति सः अर्च्यते सुरगणैः यः स्तौति सः स्तूयते
यः त्वां ध्यायति तं स्मर आर्त्तिविधुराः ध्यायन्ति वामभ्रु वः ॥३॥

देवि !	— हे देवी !	अर्चति	— पूजा करता है
यः	— जो [भक्त]	सः	— वह
त्वां	— तुम्हें	सुरगणैः	— देवताओं के समूहों से
सकृत् एव	— एक बार ही (निरन्तर छेद रहित)	अर्च्यते	— पूजा जाता है,
		यः	— जो
प्रणमति	— प्रणाम करता है	स्तौति	— स्तुति करता है
तं	— उस (भक्त) को	स	— वह
आजन्म-	— जन्म से ही	स्तूयते	— स्तुति किया जाता हैं,
स्फुरत्-	— विकास में आये हुए		
अङ्घ्रि- पीठ-	— चरणों के पीठ पर (पादपीठ पर)	यः	— जो
		त्वां	— तुम्हारा
विलुठत्-	— लुढकते हुए	ध्यायति	— ध्यान करता है (एकाग्र चित से तुम में लीन हो जाता है)
कोटीर-	— ताजों की		
कोटि-	— चोटियों की		
छटाः	— शोभा वाले	तं	— उसको
क्षोणीभृतः	— (चक्रवर्ती) राजा	स्मर- आर्ति- विधुरा	— कामदेव की पीडा से चंचल बनी हुई
नमन्ति,	— नमस्कार करते हैं,		
यः	— जो (पुरुष)		
त्वां	— तुम्हें	वामभ्रु वः	— सुन्दर शक्तियां

ध्यायन्ति	— ध्यान करती हैं। (उसके वश हो		जाती हैं)

ध्यायन्ति ये क्षणमपि त्रिपुरे ! हृदि त्वां
लावण्ययौवनधनैरपि विप्रयुक्ताः।
ते विस्फुरन्ति ललितायतलोचनानां
चित्तैकभित्तिलिखितप्रतिमाः पुमांसः ॥४॥

पदच्छेदः

ध्यायन्ति ये क्षणम् अपि त्रिपुरे ! हृदि त्वां
लावण्य यौवन धनैः अपि विप्रयुक्ताः।
ते विस्फुरन्ति ललित आयत लोचनानां
चित्त एक भित्ति लिखित प्रतिमाः पुमांसः ॥४॥

त्रिपुरे !	— हे देवी !	पुमांसः	— पुरुष
ये	— जो	ललित	— अति सुन्दर (प्राप्त करने योग्य)
लावण्य-	— सुन्दरता,		
यौवन-	— जवानी (तथा)	आयत	— बडी (सर्वज्ञता से शोभित)
धनैः	— धनों से		
विप्रयुक्ता	— हीन	लोचनानां	— नेत्रों वाली (ज्ञान वाली) शक्तियों के
अपि	— भी		
क्षणम्	— थोडी देर के लिये	चित्ते	— मन रूपी
अपि	— भी	एक-	— केवल एक ही
हृदि	— अपने हृदय में (समाहित होकर)	भित्ति-	— आधार पर
		लिखित-	— खिची हुई
त्वां	— तुम्हारा	प्रतिमाः	— मूर्तियां जैसे
ध्यायन्ति	— ध्यान करते हैं	विस्फुरन्ति	— प्रकट होते हैं।
ते	— वे (भक्त)		

एतं किं नु दृशा पिबाम्युत विशाम्यस्याङ्गमङ्गैर्निजैः
किं वामुं निगलाम्यनेन सहसा किं वैकतामाश्रये।
तस्येत्थं विवशो विकल्पघटनाकूतेन योषिज्जनः
किं तद्यन्न करोति देवि ! हृदये यस्य त्वमावर्तसे ।।५।।

पदच्छेदः

एतं किं नु दृशा पिबामि उत विशामि अस्य अङ्गं अङ्गैः निजैः
किं वा अमुं निगलामि अनेन सहसा किं वा एकतां आश्रये ।
तस्य इत्थं विवशः विकल्पघटना आकूतेन योषित् जनः
किं तत् यत् न करोति देवि ! हृदये यस्य त्वम् आवर्तसे ।।५।।

देवि !	— हे देवी,	अस्य	— इसके
यस्य	— जिस (भक्त) के	अंगम्	— अंग में
हृदये	— हृदय में	निजैः	— अपने
त्वम्	— आप	अंगैः	— अंगों से
आवर्तसे	— बार बार आकर वास करती हो (अपने अनुग्रह का संचार करती हो)	विशामि	— प्रवेश करूँ (आलिंगित होकर एकता प्राप्त करूँ) ?
		वा	— या
एतं	— इस (भक्त) को	किं	— क्या
किं	— क्या	अमुं	— इस पुरुष को
नु	— निश्चय ही	निगलामि	— निगल जाऊँ (इस को अपने स्वरूप से अभिन्न बनाऊँ) ?
दृशा	— नेत्रों द्वारा		
पिबामि	— पी जाऊँ (टिकटिकी बांध कर देखती रहूं) ?	वा	— या
		किं वा	— क्या
उत	— अथवा	अनेन	— इस पुरुष के साथ

सहसा	— जल्दी ही (तत्क्षण)	योषित्जनः[1]	— शिव की शक्तियां
एकताम्	— ऐक्य भाव का	विवशः	— बेबस (हो जाती हैं)
आश्रये	— आश्रय लूं ?	तत्	— (फिर) वह
तस्य	— उस (भक्त के बारे में)	किं	— कौन सा कार्य है
		यत्	— जो कार्य
इत्थं	— इस इस प्रकार के	न करोति	— (वह शक्तियां उस भक्त के लिए सिद्ध) नहीं करती हैं ?
विकल्प-	— विचारों की		
घटना-	— रचना के		
आकूतेन	— प्रयोजन से		

विश्वव्यापिनि यद्वदीश्वर इति स्थाणावनन्याश्रयः
शब्दः शक्तिरिति त्रिलोकजननि ! त्वय्येव तथ्यस्थितिः ।
इत्थं सत्यपि शक्नुवन्ति यदिमाः क्षुद्रा रुजो बाधितुं
त्वद्भक्तानऽपि न क्षिणोषि च रुषा तद्देवि ! चित्रं महत् ।६।

पदच्छेदः

विश्वव्यापिनि यत वत् ईश्वरः इति स्थाणौ अनन्याश्रयः
शब्दः शक्तिः इति त्रिलोकजननि ! त्वयि एव तथ्यस्थितिः ।
इत्थं सति अपि शक्नुवन्ति यत् इमाः क्षुद्राः रुजः बाधितुं
त्वत् भक्तान् अपि न क्षिणोषि च रुषा तत् देवि ! चित्रं महत् ।६।

त्रिलोकजननि !	हे तीन लोकों की माता !	स्थानौ	— नित्य शिव के विषय में
यद्वत्	— जिस प्रकार	अनन्याश्रयः	— दूसरे के आश्रय की अपेक्षा न करने
विश्वव्यापिनि	— जगत में व्यापक		

१. योषिज्जनः :– युवतियां [जवान स्त्रियां] अर्थात् वह शक्तियां जो शिव को आधार रूप स्वामी मानती हैं। यह नित्यता के गुण से परिपूर्ण हैं इस कारण इन का जवान रहना अर्थात् बूढ़ी होकर मर न जाना स्वतः सिद्ध ही है।

	वाला (स्वातंत्र्य)	त्वत्	— तुम्हारे
ईश्वरः	— ईश्वर (ऐश्वर्यशाली)	भक्तान्	— भक्तों को
इति शब्दः	— इस प्रकार का शब्द (प्रयुक्त होता है); (इसी प्रकार)	अपि	— भी
		बाधितुँ	— रुकावट पैदा करने में
शक्तिः	— शक्ति (शिव का	शक्नुवन्ति	— समर्थ बनें
इति शब्दः	— यह शब्द	च (त्वम्)	— और (तुम)
त्वयि एव	— तुम्हारे ही बिषय में	रुषा	— क्रोधित होकर (उन रोगादिकों को)
तथ्य स्थितिः	— परमार्थ स्थिति वाला है (सत्य रूप से प्रयुक्त हो सकता है)	न क्षिणोषि	— नष्ट न करो, तो
इत्थं	— ऐसा	देवि !	— हे देवी !
सति अपि	— होने पर भी	तत्	— वह
यत्	— यदि	महत्	— बड़ा ही
इमाः	— यह	चित्रम्	— आश्चर्य है। (ऐसा नहीं होना चाहिए)
क्षुद्राः	— तुच्छ		
रुजो	— रोग आदि		

इन्दोर्मध्यगतां मृगाङ्कसदृशच्छायां मनोहारिणीं
पाण्डूत्फुल्लसरोरुहासनगतां स्निग्धप्रदीपच्छविम्।
वर्षन्तीममृतं भवानि ! भवतीं ध्यायन्ति ये देहिन-
स्ते निर्मुक्तरुजो भवन्ति विपदः प्रोज्झन्ति तान्दूरतः ॥७॥

पदच्छेदः

इन्दोः मध्यगतां मृगअङ्कसदृशछायां मनोहारिणीम्
पाण्डुउत्फुल्ल सरोरुह आसन गतां स्निग्ध प्रदीपछविम्।

वर्षन्तीम् ग्रमृतं भवानि ! भवतीं ध्यायन्ति ये देहिनः
ते निर्मुक्तरुजः भवन्ति विपदः प्रोज्झन्ति तान् दूरतः ॥७॥

भवानि ! — हे देवी !
ये — जो
देहिनः — शरीरधारी
भवतीं, — ग्रापके स्वरूप का,
इन्दोः[1] — चन्द्रमा के
मध्यगतां, — बीच में स्थित,
मृगाङ्क-[2] — मृग है चिह्न जिस का [चन्द्रमा के]
सदृशच्छायां — समान [निर्मल] शोभा वाली का,
मनोहारिणीं — मन को हरने वाली का,
पाण्डु- — श्वेत रंग के
उत्फुल्ल- — खिले हुए
सरोरुह-[3] — कमल के
ग्रासनगतां — ग्रासन पर ठहरी हुई का,
स्निग्ध- — तेल से भरे
प्रदीप- — दिये की
च्छविम्-[4] — दीप्ति वाली का,
ग्रमृतं[5] — [ग्रौर] ग्रमृत
वर्षन्तीं — बरसाती हुई [ऐसे स्वरूप का]
ध्यायन्ति, — एकाग्र चित्त होकर विमर्श करते हैं,
ते — वे [जीव, भक्त]
निर्मुक्त-रुजो — छूटे हुए रोग वाले [नीरोग] संसार रूपी जन्म मरण रोग से मुक्त]
भवन्ति, — हो जाते हैं, ग्रौर
विपदः — विपत्तियां
तान् — उन भक्तों को
दूरतः — दूर
प्रोज्झन्ति — छोड देती हैं। (वे विपत्तियों से छुटकारा पाते हैं)

पूर्णेन्दोः शकलैरिवातिबहलैः पीयूषपूरैरिव
क्षीराब्धेर्लहरीभरैरिव सुधापङ्कस्य पिण्डैरिव।

---

१. प्रमेय रूप चन्द्रमा वेद्य समूह में व्यापक
२. मृग, चंचल तथा सुन्दर (स्पन्दात्मक तथा ग्रानन्द दायक)
३. निर्मल कमल–संकोच विकास स्वभाव, ग्रहंता इदन्तामय
४. ग्रटल दीप्ति–ग्रविनाशी चैतन्य स्वरूप
५. ग्रमृत वर्षन्तीं ग्रर्थात् मुक्ति देने वाली।

प्रालेयैरिव निर्मितं तव वपुर्ध्यायन्ति ये श्रद्धया
चित्तान्तर्निहतार्तितापविपदस्ते सम्पदं बिभ्रति ॥८॥

पदच्छेदः

पूर्णइन्दोः शकलैः इव अति बहलैः पीयूषपूरैः इव
क्षीर अब्धेः लहरीभरैः इव सुधापङ्कस्य पिण्डैः इव ।
प्रालेयैः इव निर्मितं तव वपुः ध्यायन्ति ये श्रद्धया
चित्त अन्तर् नि हत आर्ति ताप विपदः ते सम्पदं बिभ्रति ॥८॥

पूर्ण-	— पूर्ण	लहरी-	— तरंगों के
इन्दोः	— चन्द्रमा के	भरैः[3]	— समूहों से
शकलैः[1]	— गोल आकार से	इव	— मानो
इव	— मानो	(निर्मितं)	— (बना हुआ)
(निर्मितं)	— (बना हुआ)	सुधा-	— अमृत के
अति	— बहुत ही	पङ्कस्य	— (गाढे) गारे के
बहलैः	— बढे हुए	पिंडः[4]	— गोलों से
पीयूष-	— अमृत के	इव	— मानो
पूरैः[2]	— प्रवाहों से	(निर्मितं)	— बना हुआ
इव	— मानो	प्रालेयैः[5]	— बर्फ से
(निर्मितं)	— (बना हुआ)	इव	— मानो
क्षीराब्धेः	— क्षीर समुद्र के	निर्मितं	-- बना हुआ (ऐसे ऐसे)

---

१. पूर्ण चन्द्रमा जैसा—अमृत का आगार, दोनों (अहं, इदं) अभिन्न (चित्, आनन्द) २. अमृत के प्रवाह—चन्द्रमा से निकले हुए। (भेद का आरम्भ) (इच्छा या स्वातंत्र्य शक्ति) ३. तरंगों का समूह—भेद प्रकट। (ज्ञान शक्ति का स्फार) ४. अमृत के गारे के गोले—अमृत अप्रकट, चित् रूप का संकोच और जगत भेदमय (क्रिया शक्ति का स्फार) ५. बर्फ से बना हुआ (अत्यंत संकोच, माया शक्ति) चित् रस आश्यानता

तव	— तुम्हारे	आर्ति-	— दीनता,
वपु:	— स्वरूप का	ताप-	— दुःख (तथा)
ये	— जो (भक्त)	विपदः	— विपदा (वाले)
श्रद्धया	— श्रद्धा से	ते	— वे भक्त
ध्यायन्ति	— ध्यान करते हैं	सम्पदं	— (लौकिक तथा पारमार्थिक) सम्पत्तियों को
चित्त-	— मन के		
अन्तर्	— बीच में		
नि+हत-	— पूर्णतया हटे हुए	बिभ्रति	— धारण करते हैं।

ये संस्मरन्ति तरलां सहसोल्लसन्तीं
त्वां ग्रन्थिपञ्चकभिदं तरुणार्कशोणाम्।
रागार्णवे बहलरागिणि मज्जयन्तीं
कृत्स्नं जगद्दधति चेतसि तान्मृगाक्ष्यः॥६॥

पदच्छेदः

ये संस्मरन्ति तरलां सहसा उल्लसन्तीं
त्वां ग्रन्थि पञ्चक भिदं तरुण अर्क शोणाम्।
राग अर्णवे बहलरागिणि मज्जयन्तीं
कृत्स्नं जगत् दधति चेतसि तान् मृग अक्ष्यः॥६॥

ये	— जो (भक्त)	उल्लसन्तीं	— विकसित रूप वाली,
तरलां	— चंचल रूप वाली स्पंदात्मक (संकोच विकासमय)	पंचक-	— पांच
		ग्रंथि[1]	— गांठ (आवरण)
		भिदं	— हटाने वाली
सहसा	— इच्छा मात्र से हो	तरुण-[2]	— छोटे (प्रातः काल

---

१. पांच ग्रंथियां-चैतन्य स्वरूप को छिपाने वाली पांच शक्तियां अर्थात् कला, विद्या, राग, काल और नियति

२. ज्ञान शक्ति रूप प्रातः काल का सूर्य अति उष्ण न होने के कारण सुखदायक।

	के)		विमर्श करते हैं
अर्क-	— सूर्य (जैसे)	मृगाक्ष्यः	— मृग की जैसी सुन्दर नेत्रों वाली (आनन्द दायक इच्छा से प्राप्त करने योग्य सर्वज्ञता आदि दिव्य शक्तियां)
शोणां	— रक्त वर्ण (वाली)		
त्वां	— तुम्हें		
कृत्स्नं	— सारे		
जगत्	— जगत को		
बहल- रागिणि	— राग तत्त्व से भरे	तान्	— उन भक्तों को
राग् अर्णवे	— राग रूपी आनन्द सागर में	चेतसि	— अपने मन में
		दधति	— धारण करती हैं। (उस भक्त पर मोहित होकर उसके वश हो जाती हैं)
मज्जयन्तीं	— डुबाते हुए (तुम्हारे स्वरूप का)		
संस्मरन्ति	— बार बार स्मरण से		

लाक्षारसस्नपितपङ्कजतन्तुतन्वी-
